CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 17 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 32 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्ज्यों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू
■ 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

### स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

### गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

■ असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग
■ याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर



# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

■ SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

### देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

■ लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

### 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी 18-19 फरवरी को असम दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 18 और 19 फरवरी को असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगी। पार्टी के सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 18 फरवरी को गुवाहाटी स्थित राजीव भवन पहुंचेंगी, जहां स्क्रीनिंग कमेटी, राजनीतिक मामलों की समिति और विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विधायकों, पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय से जुड़े नेताओं और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगी। श्रीमती वाड्रा के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नेताओं के साथ उनकी वन-टू-वन मीटिंग होगी, जिसमें वह संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करने वाली हैं। इस दौरान 19 फरवरी को वह कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों और विभिन्न प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### जंगली हाथी के हमले में पुजारी की मौत

**बहराइच।** उप्र के जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात एक जंगली हाथी ने कटियारा बाबा कुटिया में घुसकर एक पुजारी को पटक-पटककर मार डाला। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत कटियारा बाबा कुटिया की है। मृतक की पहचान सुरेश दास (100) निवासी हजारीपुरवा गांव, कारीकोट क्षेत्र के रूप में हुई है। वह पिछले 15 वर्षों से कुटिया में रहकर पूजा-पाठ करते थे और बाल ब्रह्मचारी थे।

# डा. नितिन गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज की फैलोशिप से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निकट महावीर चौक मुजफ्फरनगर के डा. नितिन गुप्ता एमडी को 12 एवं13 फरवरी 2026 को हैदराबाद के हाईटेक कन्वेनशनल सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज फैलोशिप पुरस्कार से नवाजा गया।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के डायबिटिज विशेषज्ञ आए हुए थे, मुख्यत: ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड के चिकित्सक थे। इन्हीं में उत्तर प्रदेश के कुल दो डाक्टर आमंत्रित थे। डा. नितिन गुप्ता ने शुगर की बीमारी पर कई शोध भी




किए हैं। इसमें रमजान महीने में शुगर के मरीजों पर विशेष प्रभाव है। यह शोध विदेश में भी लोकप्रिय रहा। डा. गुप्ता मरीजों में शुगर का इलाज आधुनिक तकनीकों से कर रहे हैं। डा. गुप्ता पश्चिमी यूपी के मुख्य डायबिटिज विशेषज्ञों में से एक हैं। डा. गुप्ता ने डायबिटिज के साथ दिल के रोगों के इलाज में भी कुशलता हासिल की है। आजकल डायबिटिज के मरीजों में हार्ट अटैक का इलाज विशेष तकनीकों से किया जाना विशेष है। डा. गुप्ता का फैलोशिप अवार्ड जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव है। इस सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डा. बीएम मक्कर थे एवं सचिव डा. वन्शी साहू थे। ज्ञात हो कि डा. गुप्ता एम्स, जीबी पंत दिल्ली एवं अपोला अस्पताल से भी ट्रेंड हैं।

# उप्र के नवनिर्माण की आधारशिला रखेगा ये बजट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'योगी की पाती' शीर्षक से प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी कर राज्य के बजट को नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ऐतिहासिक पहल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का यह बजट नव निर्माण की उस यात्रा का अगला चरण है, जिसकी मजबूत आधारशिला पिछले वर्षों में रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके तहत स्टेट डेटा अर्थॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा यूपी एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से उप्र वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत 25



सीएम ने 'योगी की पाती' शीर्षक से दिया संदेश

लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। एमएसएमई, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में बिना कोई नया कर लगाए विकास की गति बनाए रखना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। 9.12 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताया। संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित उप्र के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बनें।

### यूपी ने नौ वर्षों में तय की आत्मविश्वास की यात्रा

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उप्र ने 'कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास' की यात्रा तय की है। सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

## सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर



■ हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक

आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी और आशा बहुओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी व आशाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मॉडीफाइड साइलेंसर पर प्रभावी कार्रवाई की मांग विधान परिषद में नियम 115 के तहत उठा मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सोमवार को नियम 115 के अंतर्गत मॉडीफाइड साइलेंसर से हो रहे ध्वनि और वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विजय बहादुर पाठक ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि राज्य में योगी सरकार ने यातायात को सुलभ और व्यवस्थित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

# आरक्षण और आउटसोर्सिंग पर विधानसभा में घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें।

■ अनिल राजभर का सपा पर तीखा हमला

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83277.15
निफ्टी 25682.75



सोना 154098
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 240947
प्रति किलो




# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79 प्रतिशत) की बढ़त में 83,277.15 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरे एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेत से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में गिरावट थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों में तेजी रहने से बाद में निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे आज संसेक्स में 1,057 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 82,277 अंक और ऊपर 83,333 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली को जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, तेल एवं



गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तेजी रही। ऑटो और मीडिया समूहों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट रही।

# चांदी सस्ती हुई, सोने की कीमत में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# डील से हम जरूरत का 52 प्रतिशत तेल नहीं खरीद सकेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते के तहत जो शर्त रखी गई है कि उसके तहत भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और इस शर्त के बाद भारत अपनी जरूरत का 52 प्रतिशत कच्चा तेल अब नहीं खरीद सकेगा जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने छह फरवरी को एक आदेश में कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदता है, तो अमेरिका इस पर निगरानी रखेगा। निगरानी में यदि पाया जाता है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष से रूस से तेल खरीदा है तो भारत पर सारी टैरिफ पैनल्टी लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी यही बात दोहराई है। उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इस शर्त के अनुसार भारत अब अमेरिका के कहने पर रूस से भी कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा। इससे पहले अमेरिका के कहने पर भारत ने ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी।

### कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

# फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया।

# यूपी में 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची: नवदीप रिणवा

वाराणसी, वार्ता

उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सोमवार को काशी पहुंचे। चौका घाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उप्र में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। कुछ लोगों में इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि एसआईआर अभी हुआ नहीं है।

कई लोग कह रहे हैं कि एसआईआर हो गया, जबकि अभी दावा-आपत्ति, नोटिस जारी करने और सुनवाई का चरण ही चल रहा है। रिणवा ने कहा कि ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने से पारदर्शिता आई है। फॉर्म-7 कोई भी भर दे और किसी का नाम कट जाए, ऐसा नहीं होता। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें सभी के सुझाव सुने गए। ब्लॉक-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के अनुभव भी लिए जा रहे हैं, ताकि फील्ड में आने वाली दिक्कतों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नौ हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अपने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में होने का आरोप लगाते हुए इसे 'वोट जिहाद' का नाम दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे बेहतर बता सकते हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त 4,300 लोगों की सूची में से केवल 8 वोटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। शेष दूसरी सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। रिणवा ने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की थी। 4 नवम्बर से इसका पहला चरण शुरू हुआ। उप्र के सभी मतदाताओं को 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म छपवाकर बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। मतदाताओं ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। यह चरण 26 दिसम्बर तक चला। छह जनवरी 2026 को उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें लगभग 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार नाम शामिल हुए। गणना शुरू होने पर कुल 15 करोड़ 44 लाख के करीब नाम थे। इस प्रकार ड्राफ्ट सूची से करीब 2 करोड़ 88 लाख नाम हटाए गए। ये नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए, जैसे मृत्यु हो जाना, एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना, घर बदलकर कहीं और चले जाना या संपर्क न होने पर 'लापता' श्रेणी में रखा जाना।

■ राज्य में एसआईआर प्रक्रिया अभी जारी, कुछ नोटिसों का हो चुका समाधान

# बेकाबू कार की टक्कर से युवक की मौत

## भंगेला चौक पर हुआ हादसा, चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के भंगेला चौराहे पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलापफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

थाना सरधना के गांव गणेशपुर निवासी शहीद पुत्र बल्लू ने खतौली थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र साहिल 1 पफरवरी को अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम भंगेला आया था। उसके साथ गांव के मौ. ताहिर पुत्र रियाजुद्दीन और उरद्दीन पुत्र मौ. उमर भी मौजूद थे। बताया गया कि शादी समारोह से लौटते समय तीनों युवक नेशनल हाईवे पर स्थित भंगेला चौराहे पर सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान मुजफ्पफरनगर की ओर से आ रही एक वैगनआर कार ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए साहिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर मौजूद अन्य लोग भी घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को गंभीर हालत में रेपफर कर दिया गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रारंभ में परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार करते हुए बिना पोस्टमार्टम के शव को गांव ले जाकर कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। बाद में परिजन ने सड़क दुर्घटना को मौत का कारण मानते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सांप को पकड़ने के प्रयास में युवक की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जानसठ तहसील क्षेत्र के गांव मीरापुर दलपत में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां घर में निकले सांप को पकड़ने की कोशिश युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। सांप के डसने से उसकी मौत हो गई, जिससे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीरापुर दलपत निवासी अरुण पुत्र राजकुमार अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान उसकी नजर कमरे में घूम रहे सांप पर पड़ी। परिवार के सदस्यों को किसी अनहोनी से बचाने के उद्देश्य से उसने साहस दिखाते हुए सांप को पकड़कर बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन प्रयास के दौरान सांप ने उसे डस लिया।

घटना के तुरंत बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने बिना समय गंवाए एंबुलेंस की सहायता से अरुण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खतौली पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार का प्रयास किया, लेकिन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।युवक की असमय मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने इस घटना को बेहद दुखद बताते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

# आज से 26 केंद्रों पर होगी हाई स्कूल व इण्टर की बोर्ड परीक्षा

■ **नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने को स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती**

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** 17 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी व सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारी जनपद स्तर पर भी तेज हो गई है।

इस वर्ष कुल 26 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षार्थी अपनी 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाएं देंगे। जनपद में जिन स्कूलों को केंद्र बनाया गया है उनमें एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, एमजी पब्लिक स्कूल, एसडी पब्लिक स्कूल, शारदेन स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय बघरा, होली एंजिल्स कान्वेंट स्कूल, जेवी पब्लिक स्कूल, डीएस पब्लिक स्कूल, ग्रेन चेंबर पब्लिक स्कूल, दि एसडी पब्लिक स्कूल, न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल, न्यू वेलकिन पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल रहकड़ा, पीआर पब्लिक स्कूल गढ़ी पचेंड़ा, एसडीएस पब्लिक स्कूल तितावी, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल लालूखेड़ी, नालंदा पब्लिक स्कूल चरथावल, केके पब्लिक स्कूल खतौली, मेपल्स एकेडमी खतौली, माडर्न पब्लिक स्कूल खतौली, एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल मीरापुर, मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना, डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़ाना, बलवंदी देवी स्कूल बिटावदा शामिल है। मुजफ्फरनगर में भी 70 से अधिक सीबीएसई विद्यालय संचालित है, जिनमें 10वीं व 12वीं के 15 हजार से अधिक बोर्ड परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए 26 सीबीएसई विद्यालयों को केंद्र बनाया है, जिनपर अलग-अलग विद्यालयों के विद्यार्थियों के सेंटर लगाए हैं। सीबीएसई ने सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, कक्ष व्यवस्था, बैठने की क्षमता व निगरानी को सीसीटीवी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं ताकि परीक्षाएं अनुशासनपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें। छात्रों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा दिन पर सुबह 10 बजे तक अपने केंद्रों पर पहुँचें, क्योंकि 10:30 बजे से परीक्षा शुरू होगी और इसके बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## भाजपा पीनना मण्डल उपाध्यक्ष की करंट लगने से मौत

**मुज़फ्फरनगर।** भाजपा पीनना मंडल के उपाध्यक्ष विनोद किनौनी का करंट लगने से आकस्मिक निधन हो गया। विना.द किनौनी संगठन के प्रति अपने समर्पण, सरल स्वभाव और आईटी विभाग में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। उन्होंने संगठन को आईटी विभाग तक मजबूत करने का काम किया।

इस दुखद घटना की सूचना जैसे ही उनके परिजनों और समर्थकों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। जैसे ही उनके निधन का समाचार पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को लगा तो उनके आवास पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे और परिजनों को सांत्वना दी।

# अध्यक्ष व महासचिव समेत जिला बार संघ की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

## अधिवक्ताओं को टॉल फ्री यात्रा पास दिलाने पर बनी सहमति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह अध्यक्ष प्रमोद त्यागी और सचिव सुरेंद्र मलिक सहित वरिष्ठतम उपाध्यक्ष चंद्रवीर चौधरी, कोषाध्यक्ष नीशू कांत शर्मा, उपाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, सनसवीर बालियान, उपाध्यक्ष अमित मैनी, अमित भारद्वाज, सहसचिव गीता रानी, निशा रानी, मौहम्मद ताजिम, वरिष्ठ सदस्य के रूप में शशि प्रभा, जयकुमार नायडू, प्रशांत राजा, मौहम्मद मुस्तकीम, दीपक कुमार धीमान, तरूण और कनिष्ठ सदस्य के रूप में मौहम्मद ताहिर राव, शिखा चौधरी, प्रिंस गोलियान, प्रभात बालियान, नितिन कुमार राठी और कमरूना गौर को शपथ दिलाई गई।

सोमवार को फैंथम हाल में आयोजित समारोह में अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बार को आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि कचहरी परिसर में जल्द ही फी वाई-फाई सुविधा शुरू की जाएगी। इसका उद्देश्य अधिवक्ताओं को ई-फाइलिंग, ऑनलाइन कानूनी शोध और अदालती कार्यवाही से जुड़े डिजिटल कार्यों में मदद करना है। नवनिर्वाचित सचिव सुरेंद्र मलिक ने कहा कि जब-जब अधिवक्ताओं ने उन्हें मौका दिया तब तब प्रमोद त्यागी और उन्होंने मिलकर अधिवक्ता हितों के लिए हमेशा ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे पिछली बार की तरह इस बार भी बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे और अधिवक्ताओं की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि तकनीक को अपनाकर ही पेशे को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

अधिवक्ताओं की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रमोद त्यागी ने वादा किया कि जिले के सभी टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के वाहनों की फ्री एंट्री सुनिश्चित कराने के लिए शासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बना कर ठोस प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, जिला बार संघ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने सोलर पैनल को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली बिल शून्य होने पर जो बचत होगी, उसे अधिवक्ताओं के कल्याण और सुविधाओं में निवेश किया जाएगा।

# हाई-वे पर डीजे वाहन से गिरकर युवक की मौत

■ **शादी समारोह से वापस लौट रहा था मृतक दीपक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में डीजे वाहन से गिरकर युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना रतनपुरी चौकी क्षेत्र के बुढ़ाना अंडरपास के समीप हाईवे-58 पर डीजे वाहन के ऊपर बैठा युवक अचानक चलते वाहन से नीचे गिर गया। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान दीपक उर्फ चिराग (21) पुत्र अरविंद निवासी ग्राम सामोली, थाना दोराला, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक डीजे वाहन पर बैठकर हाईवे के रास्ते शादी समारोह से वापिस लौटते हुय अपने गांव सामोली लौट रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।



**मुजफ्फरनगर: पालिका में आई नई जेसीबी मशीनों का लोकार्पण करतीं चेयरपर्सन।**

# पालिका को मिली पांच आधुनिक जेसीबी मशीन

## 2.10 करोड़ की लागत से खरीदी गई मशीनों का चेयरपर्सन मीनाक्षी ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहरी क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी, तेज और संसाधन-संपन्न बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अंतर्गत 2.10 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई पांच जेसीबी मशीनों का उन्होने लोकार्पण किया।

कमला नेहरू वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मीनाक्षी स्वरूप ने पालिका प्रशासन द्वारा खरीदी गई नई पांच जेसीबी का उद्घाटन करते हुए इनको जनहितार्थ समर्पित किया।। जेसीबी के उद्घाटन के पश्चात पालि.का अध्यक्ष द्वारा कमला नेहरू वाटिका का पैदल भ्रमण करते हुए निर्माण कार्यों, सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यहां लोगों से मिलकर भी उनके साथ संवाद स्थापित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने इस अवसर पर कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए लगातार नगर पालिका को संसाधन-संपन्न बनाने का काम किया जा रहा है। आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से सफाई कार्यों में पारदर्शिता के साथ गति आएगी। हमारा प्रयास है कि मुजफ्फरनगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जाए। आने वाले समय में भी शहरी स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नगर क्षेत्र की बढ़ती आबादी और विस्तारित सीमाओं को देखते हुए आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। पालिका द्वारा भविष्य में भी विकास योजनाओं को गति देने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत पालिका को प्राप्त निधि से कुल 2 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से इन पांच जेसीबी की खरीद की गई है। आधुनिक उपकरणों से लैस इन मशीनों के माध्यम से श्रम और समय दोनों की बचत होगी, जिससे नगरवासियों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं मिलेंगी। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पालिका के पास पहले से 7 जेसीबी और 6 बुल लोडर ट्रैक्टर सफाई व्यवस्था में समर्पित हैं, अब पांच जेसीबी और इस बेड़े में शामिल होने से सफाई व्यवस्था में काफी सहयोग मिलेगा।

इन नई मशीनों के शामिल होने से नगर पालिका परिषद की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद शौकत अंसारी, उमरदराज, ललित कुमार, सुन्दर सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश कुमार, एसएफआई वैशाली सोती, लिपिक एसबीएम रूचि शर्मा के अलावा अन्य कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पचैण्डा रजवाहे पर मिले शव की पहचान मोनू के रूप में हुई

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाना क्षेत्र के पचैण्डा रोड राजबाहे पुलिया पर मिले शव की पहचान बचन सिंह कॉलौनी निवासी मोनू कुमार पुत्र शिव कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला प्रथम दृष्टया आत्म हत्या का सामने आया। गौरतलब है कि रविवार की शाम नई मंडी थाना क्षेत्र के पचैण्डा राजबाहे की पुलिया पर युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल शुरू की तो सामने आया कि मृतक युवक बचन सिंह कॉलौनी निवासी मोनू कुमार पुत्र शिव कुमार है मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है। सीओ मण्डी राजू कुमार साव ने बताया कि मृतक के हाथ की नस कटी हुई थी और उसके पास एक चाकू बरामद हुआ है।

# विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ कूच करने वाले कांग्रेसी गिरफ्तार

■ **पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर पुलिस ने नजरबंद रखे कार्यकर्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरनगर। मनरेगा बचाओ विधानसभा घेराव में शामिल होने के लिए लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नजर बंद किए रखा। निजी वाहनों से लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने साकेत कॉलोनी में पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर अपने कस्टडी में ले लिया इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों की आपस में नोकझोंक भी हुई और उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

दरअसल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के आह्वान पर 17 फरवरी के प्रस्तावित मनरेगा बचाओ विधानसभा घेराव में शामिल होने के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष पं. सुबोध शर्मा के नेतृत्व में उनके आवास से कई पदा.धिकारी रवाना होने वाले थे, लेकिन स्थानीय पुलिस ने सभी को हाउस अरेस्ट कर लिया।

कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतंत्र विरोधी कदम बताते हुए प्रदेश सरकार पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाया और विरोध जारी रखने की चेतावनी दी। इस दौरान कांग्रेस के पीसीसी गुफरान काजमी,पीसीसी लियाकत राव, महफूज राणा,पीसीसी विनोद गुज्जर, पीसीसी धीरज महेश्वरी, पीसीसी अनिल दत्त शर्मा, महिला जिलाध्यक्ष गीता काकरान, युगल किशोर भारती, बृजभूषण शर्मा, नफीस त्यागी राजकुमार धीमान, आरिफ अंसारी, सगीर मलिक, विकास, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।






**मुजफ्फरनगर: डीएवी डिग्री कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एमके बंसल व प्राचार्य योगेश कुमार ने किया।**

# प्रेमी के साथ मिलकर रची थी हत्या की साजिश

## कोतवाली पुलिस ने किया 24 घंटे में जघन्य हत्याकांड का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली नगर क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि मृतक संदीप की पत्नी मीनाक्षी ने अपने प्रेमी गौतम उर्फ सौरभ के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार आरोपी गौतम मृतक का रिश्ते में भाई लगता था, क्योंकि वह मृतक की बुआ का बेटा है और इसी वजह से उसका घर पर लगातार आना-जाना था।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गौतम का अक्सर अपनी बुआ के घर आना होता था। इसी दौरान उसकी नजदीकियां संदीप की पत्नी मीनाक्षी से बढ़ीं और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। धीरे-धीरे यह बात परिवार को भी पता चल गई। पुलिस के मुता.बिक, दोनों के संबंधों की जानकारी गौतम की बुआ और फूफा को हो गई थी और बाद में संदीप को भी इसका पता चल गया। इसके बाद परिवार ने मीनाक्षी के बाहर आने-जाने और दोनों के मिलने पर रोक लगा दी।

मिली जानकारी के अनुसार, संदीप पहले यमुनानगर में नौकरी करता था, लेकिन जब उसे संबंधों की भनक लगी तो वह मुजफ्फरनगर में ही रहने लगा ताकि घर पर नजर रख सके। इस कारण दोनों आरोपियों का मिलना-जुलना बंद हो गया, जिसके बाद उन्होंने संदीप को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, योजना के तहत घटना की रात संदीप को खाने में नींद की गोलियां दी गईं। उसके बाद गौतम ने घर पहुंचकर हथौड़े से सिर और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी शव को मोटरसाइकिल पर ले जाकर गांव के बाहर फेंक आए और सबूत मिटाने की कोशिश की। मलीरा गांव के जंगल में शव मिलने के बाद पुलिस ने तेजी से जांच की और मुखबिर की सूचना पर रोडवेज बस स्टैंड से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथौड़ा और खून से सने कपड़े व चादर बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आग का गोला बनी सड़क पर दौड़ती कार

**मुजफ्फरनगर।** कार में आग लगने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच पुलिस व फायर बिग्रेड की टीमों ने आग पर काबू पाया जिससे कोई जन हानि नहीं हो सकी। पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली थाना क्षेत्र के जानसठ बाईपास स्थित बीबीपुर चौकी के निकट अचानक सड़क पर दौड रही कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। और मौके पर जमा राहगीरों से आग लगने के कारणों की पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।



**पाकिस्तान व इंडिया के बीच खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत के बाद शिव चौक पर जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमी।**

## एक्टिवा चोरी करने वाला सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद भी वाहन चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस वाहन चोरो को मुठभेड़ में लंगडा कर भले ही वाह-वाही लूट रही हो, लेकिन बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं ने खाकी की कारगुजारी पर सवालिया निशान लगा दिए है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को खालापार थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी जैन औषाधालय के निकट स्थित बैंक के बाहर देखने को मिला। यहां अक्षत नामक युवक किसी काम से बैंक आया था जब वह बैंक का काम निपटाकर बाहर आया तो उसका एक्टिवा गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में चोर एक्टिवा ले जाते हुए नजर आया।

# महिला से कुण्डल चोरी करने वाला आरोपी दबोचा

■ **आरोपी के कब्जे से कुण्डल भी बरामद करने का दावा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना रामराज पुलिस द्वारा महिला को सम्मोहित कर तथा टप्पेबाजी कर उसके कान के कुंडलों की चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से महिला से चोरी किया गया कुंडल बरामद किया गया है ।

वादिया मुन्नी देवी निवासी बिजनौर द्वारा थाना रामराज पुलिस को सूचना दी गयी कि वह अपने पुत्र के साथ अपनी रिश्तेदारी में हस्तिनापुर जा रही थी। रास्ते में वह आलमपुर नहर पुल के पास पानी पीने के लिये रूके वहां पर साधु के भेष में एक व्यक्ति मौजूद मिला। साधु के भेष में मौजूद व्यक्ति द्वारा उन्हे झांसे में लिया गया तथा सम्मोहित कर उसके कान के कुंडल चोरी कर लिये गये। सूचना पर थाना रामराज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी तथा उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्त को देवल नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से महिला से चोरी किया गया सोने का कुंडल बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता बाबा बलदेवनाथ पुत्र अशोक नाथ निवासी ग्राम महमूदपुर सिकेरा थाना बहसूमा मेरठ हाल पता-विजयनाथ आश्रम थाना हस्तिनापुर, मेरठ बताया गया है।

# शिकमी किराएदारों की तीन दशक पुरानी समस्या के समाधान में मीनाक्षी स्वरूप की बड़ी पहल

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद की 17 मार्किट में व्यापार कर रहे करीब 500 से अधिक दुकानदारों की रोजी-रोटी से जुड़ी लगभग तीन दशक से लंबित किरायेदारी समस्या अब समाधान की दिशा में बढ़ती दिखाई दे रहे हैं। पालिका मार्किट के किरायेदार दुकानदारों से जुड़ा यह जटिल मामला पहली बार गंभीर प्रशासनिक स्तर पर उठाया गया है। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सकारात्मक और ठोस पहल करते हुए सहारनपुर मंडल आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार से भेंट कर समाधान की प्रक्रिया को गति देने का प्रयास किया है।

नगरपालिका परिषद की विभिन्न मार्किट में लंबे समय से लंबित दुकानदारों के 15 वर्षीय किरायेदारी, वारिसान प्रकरण तथा शिकमी किरायेदारी से जुड़े मामलों के समाधान के लिए पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। लगभग 17 मार्किट के 500 से अधिक दुकानदार वर्षों से अनिश्चितता की स्थिति में कार्य कर रहे हैं। पहली बार किसी पालिका अध्यक्ष ने इन जटिल मामलों को उच्च प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया है। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने सोमवार को समस्त नगरपालिका मार्किट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और पालिका की कार्यवाहक कर अधिकारी पारूल यादव को साथ लेकर सहारनपुर मंडल आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। बैठक के दौरान पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 15 वर्षीय किरायेदारी विवाद, वारिसान मामलों तथा शिकमी किरायेदारों के प्रकरणों के स्थायी समाधान के लिए प्रशासनिक सहयोग का आग्रह किया। विशेष रूप से शिकमी किरायेदारों और वारिसान प्रकरणों में पालिका प्रशासन के स्तर पर नए अनुबंध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया, ताकि वर्षों से लंबित फाइलों को निस्तारित किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15 वर्षीय किरायेदारी विवाद में स्पष्ट और सुलभ प्रक्रिया तय करने के लिए मार्गदर्शन भी मांगा गया। उल्लेखनीय है कि यह मामला करीब तीन दशक से अधर में लटका हुआ है, जिससे दुकानदारों में असमंजस और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। इससे पूर्व भी पालिका अध्यक्ष ने बोर्ड बैठक के माध्यम से किरायेदारी के नए नियम निर्धारित कर समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया था। अब उच्च प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित कर मामले को अंतिम रूप देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नगरपालिका मार्किट के दुकानदार वर्षों से किरायेदारी संबंधी जटिलताओं से जूझ रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि 15 वर्षीय, वारिसान और शिकमी किरायेदारी के सभी मामलों का पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान हो। इसके लिए प्रशासनिक सहयोग लेकर ठोस व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि किसी भी दुकानदार को भविष्य में असमंजस का सामना न करना पड़े। कहा कि इस समस्या के सुलझने से पालिका प्रशासन को भी राजस्व की प्राप्ति होगी, जिससे नगर विकास में भी सहयोग मिलेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि नगरपालिका मार्किट के सैकड़ों दुकानदार वर्षों से लंबित किरायेदारी विवाद के कारण असमंजस में थे। पालिका स्तर पर शुरू की गई यह पहल सराहनीय है।



कमिश्नर सहारनपुर से भेंट करती चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम FAHEEM S/O NAJIM से बदलकर MOHD FAHEEM S/O MOHD NAZIM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

MOHD FAHEEM S/O MOHD NAZIM
निवासी:- गांव व डाक मांडी, वि.खं बघरा, जिला मुजफ्फरनगर

### सूचना

मेरी हाईस्कूल मार्कशीट मे मेरा नाम Puja दर्ज है जबकि मेरा सही नाम Pooja है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**पूजा पत्नी पवन कुमार**
**निवासी- अभीपुरा मन्सूरपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरा पुत्र नाजिम मेरे कहने सुनने में नही है तथा यह गलत संगत में रहता हैं। मेरे व मेरे पुत्रो व पूरे परिवार के साथ मारपीट करता है। तथा आये दिन गाली गलौच कर बदतमीजी पर उतारू रहता है। उसकी पत्नी मुस्कान भी उसी का साथ देती है तथा घर में आये दिन कलह पैदा करती रहती है। इनके गलत आचरण को देखते हुये मैंने व मेरे परिवार ने इससे अपने सारे सम्बन्ध रिश्ते नाते सामाप्त कर दिये है तथा मैंने इन दोनों से कोई सम्बन्ध किसी भी प्रकार से नही रहेगा। यदि वह कोई गलत कार्य करते है या किसी से कोई लेनदेन करते है तो उसकी भी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

**रशीदा पत्नी स्व. नवाब अली,**
**निवासी-खाईखेडा**
**थाना ककरौली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरे पुत्र नौहिद व उसकी पत्नी श्रीमति लाड्डो व वसीम व उसकी पत्नी श्रीमति अंजुम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये आज दिनांक-16.02.2026 को मैने नौहिद व उसकी पत्नी श्रीमति लाडडो व वसीम व उसकी पत्नी श्रीमति अंजुम से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने नौहिद व उसकी पत्नी श्रीमति लाड्डो व वसीम व उसकी पत्नी श्रीमति अंजुम को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। मेरे पुत्र नौहिद व उसकी पत्नी श्रीमति लाड्डो व वसीम व उसकी पत्नी श्रीमति अंजुम अपने कृत्यो के स्वयं जिम्मेदार होगे।

**श्रीमति सितारा बेगम पत्नी स्व. शेर अली निवासी मुकल्लमपुरा 790 ग्राम किथोड़ा, तहसील जानसठ, थाना-मीरापुर, जिला मुजफ्फरनगर**

### सार्वजनिक सूचना

मैं INAM S/O MOHD ILYAS, अपना नाम MOHD INAM से बदलकर INAM कर रहा हूँ। भविष्य मे मुझे INAM नाम से ही जाना जाये।

**INAM**
**S/O MOHD ILYAS**
**मकान नंबर 112 कस्साबान 2 साउथ खालापार, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**

### सार्वजनिक सूचना

मैं AKHTAR S/O JAAN MOHD, अपना नाम MOHAMMAD AKHTAR से बदलकर AKHTAR कर रहा हूँ भविष्य मे मुझे अख्तर/AKHTAR नाम से ही जाना जाये।

**AKHTAR**
**S/O JAAN MOHD**
**मकान नंबर 996/712 साउथ खालापार, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**

### सार्वजनिक सूचना

मैं MERAJ W/O HASEEB AHMAD, अपना नाम MEHRAJ से बदलकर MERAJ कर रही हूँ भविष्य मे मुझे MERAJ नाम से ही जाना जाये

MERAJ
W/O HASEEB AHMAD
**मकान नंबर 232 खालापार, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**

## निर्माणाधीन स्कूल में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**बुढ़ाना।** राजपुर छाजपुर गांव में जिस सरकारी स्कूल का निर्माण किया जा रहा है उसमें ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप दो ग्रामीणों ने सोमवार के दिन एसडीएम के समक्ष लगाया है और घटिया सामग्री भी दिखलाई है। जिस पर बुढाना एसडीएम ने ग्रामीणों को जांच का आश्वासन दिया है। सोमवार के दिन दो ग्रामीण एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा से उनके आफिस पर मिले। दोनों ने बताया कि उनके गांव राजपुर छाजपुर में मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार के द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग बड़े ही धड़ल्ले से बैखौफ होकर किया जा रहा है। इस विद्यालय के निर्माण में मानक के विपरीत तृतीय श्रेणी पिल्ली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है जबकि स्वीकृत साइट प्लान में पिल्ली ईंटों के उपयोग का कोई प्रावधान नहीं है। इस तरह से घटिया सामग्री का इस्तेमाल करके लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिससे भवन की मजबूती और भविष्य में छात्रों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस संबंध में गांव के अमित और प्रवीण ने एसडीएम को एक शिकायती पत्र देते हुए एसडीएम को पिल्ली ईंटें भी दिखाई हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इनघ घटिया ईंटों का प्रयोग रोका जाए और अब तक लगाई गई तृतीय श्रेणी की ईंटों को हटवाकर प्रथम श्रेणी की ईंटें लगवाई जाएं। एसडीएम ने ग्रामीणों को जांच का आश्वासन दिया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से ठेकेदार घायल

**बुढ़ाना।** एक अज्ञात कार चालक ने तेज गति से कार को चलाते हुए एक व्यक्ति को कार की जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही उक्त व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया जबकि कार चालक कार सहित भाग जाने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार संदीप कुमार पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम बिटावदा ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसके पास गन्ना छिलाई का ठेकेदार भीम निवासी मध्य प्रदेश लगभग पांच साल से रहता है। बीती 14 फरवरी की देर रात जब वह भीम के साथ खेत पर काम करने के पश्चात घर जाने लगा तो तभी एक कार जिसका नंबर यूपी 15 ईई 0519 है के चालक ने कार को बहुत ही तेजी से चलाते हुए भीम को कार की जोरदार टक्कर मार दी और घटना को अंजाम देने के बाद कार सहित फरार हो गया। तब घायल भीम को उसके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना मे लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल भीम को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। जहां पर उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। वहीं संदीप कुमार ने बुढ़ाना पुलिस से अज्ञात कार चालक के खिलाफ कडी कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरु कर दी है।

## पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा चरथावल के मोहल्ला चोहट्टा निवासी नीलोफर नाज पत्नी मोहम्मद सुहैल ने मानवाधिकार आयोग, डीजीपी उत्तर प्रदेश और आईजी रेंज को शिकायती पत्र भेजकर पुलिस पर उनके पति की फर्जी मुठभेड़ किए जाने का आरोप लगाया है।नीलोफर नाज का कहना है कि उनके पति सुहैल को 11 फरवरी को पुलिस द्वारा पूछताछ के नाम पर बुलाया गया था। आरोप है कि इसके बाद उन्हें परिजनों से नहीं मिलने दिया गया और बाद में सूचना मिली कि सुहैल को मुठभेड़ में घायल दिखाया गया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को पूछताछ के दौरान ही गोली मारी गई और बाद में इसे मुठभेड़ का रूप दे दिया गया।पीड़िता ने अपने शिकायती पत्र में मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर जांच में शामिल करने की मांग की है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टककर से एक की मौत, एक घायल

**मोरना।** गांव चौरावाला मे मोरना -ककरौली मार्ग पर गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली ने बाईक मे टककर मार दी जिससे बाईक सवार दो व्यक्ति घायल हो गये। गंभीर हालत मे दोनों को अस्पताल भेजा गया। जहां राकेश की मौत हो गई।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी संजय पुत्र धर्मवीर कश्यप आयु लगभग, 35 वर्ष व राकेश उर्फ मिन्टू आयु लगभग 50 वर्ष सोमवार की शाम बाईक द्वारा चौरावाला से मोरना की ओर जा रहे थे जैसे ही वह चौरावाला गांव मे मोरना मार्ग पर ईदगाह चौक के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली ने बाईक मे टककर मार दी जिससे बाईक सवार घायल हो गये घायलों को अस्पताल भेजा गया। जिसमें घायल राकेश की उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा पीछा करने पर आरोपी चालक ट्रेक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है।

## इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न



**मोरना।** इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। जिसमें दूसरे दिन कबढी का फाइनल मैंच वीनस क्लब व सूर्या क्लब की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें वीनस क्लब की टीम ने 15-10 अंकों के अंतर से सूर्या क्लब की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। जिसके बाद विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने बताया कि दूसरे दिन कबड्डी का फाइनल मैंच वीनस क्लब व सूर्या क्लब की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें वीनस क्लब की टीम ने 15-10 अंकों के अंतर सेसूर्या क्लब की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। वही, प्राइमरी वर्ग की लेमन रेस में राजलक्ष्मी, फायजा व अवंतिका अव्वल रही। शॉटपुट थ्रों में सान्या, मिशाले जेहरा तथा रिले रेस में अभिजीत हिमांशु, अर्मत, जुबेर विजेता रहे। इसके अलावा 100 मीटर दौड में अर्नव, अभय, परम, 200 मीटर दौड बालक वर्ग में प्रनीत, आयुष, सलमान, बालिका वर्ग में गोरी, डोजी, अजहा तथा 400 मीटर बालिका दौड में आरोही, प्रतिज्ञा,सृष्टि क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। । समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहरी प्रस्तुतियों के बीच विजेताओं को प्रबंधक विराज तोमर ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में खेल प्रशिक्षक रेशब मलिक व अरूणा देवी ने मुख्य भूमिका निभाई।

## हाजी महबूब की जागी किस्मत, इनाम में मिला ट्रैक्टर

**मीरापुर।** क्षेत्र के गांव सम्भलहेडा के किसान हाजी महबूब की किस्मत उस समय चमक उठी जब उनका नाम लकी ड्रॉ में निकलकर सामने आया और उन्हें महिंद्रा 575 ट्रैक्टर पुरस्कार स्वरूप मिला। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार हाजी महबूब ने सितंबर माह में एग्रो स्टार कंपनी के कैस्पर सरसों के एक-एक किलोग्राम के दो पैकेट बीज खरीदे थे। उस माह खरीदारी करने वाले किसानों के नाम लकी ड्रॉ योजना में शामिल किए गए थे। करीब 70 हजार किसानों ने इस योजना के तहत भाग लिया था। कंपनी द्वारा 13 जनवरी को पुणे स्थित मुख्यालय से ऑनलाइन लकी ड्रॉ निकाला गया, जिसमें सम्भलहेडा के किसान हाजी महबूब का नाम महिंद्रा 575 ट्रैक्टर के लिए घोषित हुआ। जैसे ही ट्रैक्टर निकलने की सूचना मिली, किसान हाजी महबूब खुशी से झूम उठे। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और ग्रामीणों ने उन्हें बधाइयां देना शुरू कर दिया। सोमवार को कंपनी की ओर से सम्भलहेडा स्थित शिव फार्म हाउस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में रीजनल मैनेजर राकेश सिंह, टेरिटरी मैनेजर कुलदीप सिंह, वरिष्ठ ख्रषि अधिकारी देवेंद्र त्रिपाठी तथा जानसठ के आदेश कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने हाजी महबूब को सम्मानपूर्वक महिंद्रा 575 क्न्ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कंपनी किसानों को बेहतर बीज और तकनीक उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हाजी महबूब की सफलता ने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है।

## गंगा बैराज पर पूजा कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने डूबने से बचाया

**मीरांपुर।** रामराज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब गंगा बैराज पर पूजा-पाठ कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए डूबने से सकुशल बचा लिया। घटना 16 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 8:45 बजे की है। बिजनौर जनपद के ग्राम गीतापुर, थाना कोतवाली नगर निवासी सुधाकर रस्तोगी पुत्र धर्मेन्द्र रस्तोगी गंगा बैराज के गेट नंबर 21 पर पूजा कर मछलियों को दाना डाल रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गंगा नदी में जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही बैराज चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल हरकत में आ गए। प्रभारी निरीक्षक रवेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में उप निरीक्षक हरिओम सिंह, हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार तथा कांस्टेबल राजकुमार, नितेश कुमार और नितिन कुमार ने तुरंत एक प्राइवेट नाव मंगवाकर साहसिक प्रयास किया और डूब रहे सुधाकर रस्तोगी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिनमें प्रभाकर रस्तोगी, गौरव आर्य और कपिल शामिल रहे। प्राथमिक संतुष्टि के बाद सुधाकर रस्तोगी को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस तत्परता और साहसिक कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## भाजपा नेता ठाकुर सुभाष चौहान ने किया मतदाता पुनरीक्षण अभियान में गणमान्य लोगों के साथ विचार विमर्श

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर सुभाष चौहान ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान SIR के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतन एवं सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अभियान को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही आगामी 18 फरवरी को बलवाखेड़ी में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के क्रम में ग्राम बिरालसी प्रधान मास्टर लोकेश पुंडीर, रोनी हाजीपुर के प्रधान ठाकुर विनोद फौजी, पीपलहेड़ा के प्रधान ठाकुर नेत्र पाल सिंह, नगला पिथौरा के प्रधान ठाकुर रामावतार सिंह, दूधली के प्रधान शोभित पुंडीर एवं बलवाखेड़ी में पहुंचकर प्रधानों एवं गणमान्य लोगों से जनसंपर्क किया। सम्मेलन को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज में यातायात नियमों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढ़ाना के भव्य प्रांगण में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान व सड़क सुरक्षा थीम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा विचार व्यक्त किए गये। ये आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देशन में हुआ। जिसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यहां निबंध प्रतियोगिता भी हुयी। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अपने विचार रखे। निबंध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता में एमए अंग्रेजी की छात्रा रुपाली त्यागी ने प्रथम, बीएससी होमसाइंस की छात्रा अंशिका शर्मा ने द्वितीय व बीएससी साइंस की छात्रा मुस्कुराना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां पर बीएससी होमसाइंस द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ने एक शेर के माध्यम से सबकी वाहवाही लूटी। जिसमें कहा गया नशा देता है एक पल का मजा, दे जाता है जिंदगी भर की सजा। साइंस विभाग की शिक्षिका किरण ने सब वॉलिंटियर्स को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। जिसमें सभी को स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताया गया। छात्राओं को रोग के कारण, लक्षण व रोकथाम में उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया कि समय पर जांच व सही इलाज से रोग ठीक होता है। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया सड़क सुरक्षा के नियम का



पालन जरूर करें। स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। सड़क दुर्घटना को कम करने को हमें जागरुक होना पड़ेगा। उन्होंनें हर वर्ष होने वाली असामयिक मृत्यु के बारे में भी बताया। यहां बीएससी होम साइंस की छात्रा दिव्यांशी, मुस्कान, मोनिका व अंजुम आदि सैकड़ों छात्राएं भी उपस्थित रही।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**बुढ़ाना।** ईंटों से भरे हुए एक डीसीएम के चालक ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद डीसीएम चालक डीसीएम को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर घायल को हस्पताल पहुंचाकर उसके परिजनों को खबर की। मिली जानकारी के अनुसार मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी अमन अहमद पुत्र चौधरी गय्यूर अली सोमवार की दोपहर अपनी बाइक से बुढ़ाना क्षेत्र को निकलकर किसी काम से बड़ौत रोड की ओर जा रहा था। जब वह मुजफ्फरनगर रोड पर ग्रीन हास्पिटल के पास आया तो गन्ने की वजह से लगे जाम के कारण उसने अपनी बाइक रोक दी। इस दौरान पीछे से आ रहे ईंटों से भरे एक डीसीएम के चालक ने उसे डीसीएम की जोरदार टक्कर मार दी और बाइक के ऊपर चढ़ गया। हादसे के दौरान अमन किसी तरह ट्रक के नीचे से निकलने में सफल रहा जिससे उसकी जान बच गई। उसके शरीर में गुम चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियो ने आरोप लगाया कि डीसीएम का चालक नशे की हालत में था। घटना के तुरंत बाद चालक डीसीएम को मौके पर छोड़ फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अमन को हस्पताल भिजवाकर डीसीएम कब्जे में कर जाम खुलवाया और घायलघ के परिजनों कोघ फोन पर घटना की सूचना दी।

# अलीपुर अटेरना में बाल विवाह विषय पर हुई गोष्ठी



**बुढ़ाना।** बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने को सोमवार को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में शहीद चंद्रशेखर उच्च प्राथमिक विद्यालय में जन जागरुकता अभियान के तहत एक गोष्ठी की गयी। जिसमें छात्राओं ने शपथ लेते हुए इस कुप्रथा को रोकने का संकल्प लिया।

जागरूकता अभियान में डाक्टर राजीव कुमार द्वारा बाल विवाह मुक्त मुज़फ्फरनगर के अंतर्गत बताया गया कि देश में विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम उम्र में विवाह करना बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत एक गंभीर अपराध है। दोषी पाए जाने पर 2 साल की कठोर कारावास और 1 लाख रुपये का जुर्माना है। केवल माता पिता ही नही बल्कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित, मौलवी, टेंट हाउस मालिक, हलवाई व बैंड बाजे गाजे वाले भी बाल विवाह में शामिल होने पर दोषी हैं। प्रधानाध्यापिका लता ने बताया कि कम उम्र में विवाह से लड़कियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और वे शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। कई मामलों में किशोरी की शादी अधेड़ से कर दी जाती है। जिससे उसका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। यदि उनके आसपास कही पर भी बाल विवाह हो रहा है तो वे तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर इसकी सूचना जरुर दें। इस दौरान यहां पर सहायक अध्यापिका सरोज त्रिपाठी, आदेश कुमार और बिरेन्द्र कुमार आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर हुआ भव्य भजन संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर मुज़फ्फरनगर के शिव चौक पर शिव मूर्ति संचालक मंडल द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें टी-सीरिज के प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा भगवान आशुतोष के एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

रमेश केस्टो सांस्कृतिक ग्रुप के बैनर तले भव्य भजन संध्या में कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ के भजन सुनाकर देर रात तक समा बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, नगरपालिका अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप व उद्योगपति भीमसैन कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी/एएसपी सिद्धार्थ मिश्रा व शिवमूर्ति संचालक मंडल के अध्यक्ष शंकर स्वरूप द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहाँ शिवमूर्ति संचालक मंडल द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ सांवरिया द्वारा गणेश वंदना से भजन संध्या की भव्य शुरूआत की गई। वही सौरभ सांवरिया द्वारा अनेको भगवान भोले नाथ के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं की खूब तालियां बटोरी। जहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय बना दिया। टी-सीरिज की प्रसिद्ध भजन गायिका महक लाडली ने मां शारदे, डम डम डम डमरू बाजे, चौकी बनाऊ, मंगल गाऊ आज मेरे भोले का दिन, जब से देखा ये क्या हो गया मेरे भोले मै तेरा हो गया सहित भगवान आशुतोष के भजन सुनाकर मध्य रात्रि तक समा बांधे रखा। टी-सीरीज गायक विक्की शर्मा ने भोले को कैसे मनाऊ रे मेरा भोला ना माने, भोले ओ भोले आदि भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बाल गायिका कौशिकी द्वारा एक से बढकर एक भगवान शंकर के भजन सुनाकर खुब वाहवाही लूटी। वही मेघना ग्रुप के कलाकारों ने शिव नृत्य तांडव, शिव विवाह, काली शिव की सुंदर झांकियां एक नए अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथियो द्वारा कार्यक्रम संयोजक रमेश केस्टो को उनके संचालन के लिए प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। वही जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शिवमूर्ति संचालक मंडल व रमेश केस्टो आर्ट ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की। मंच संचालन रमेश केस्टो द्वारा किया गया। साज कार्यक्रम में एम0एस0 ग्रुप के कलाकारो का



योगदान रहा। इस दौरान मुख्य रूप से शिवचरण गर्ग, सतीश गर्ग ठेकेदार, सुखदेव मित्तल, लक्ष्मीनारायण, राघव, मनीष गर्ग, वैभव मित्तल, मुदित जैन, प्रदीप गोयल, बाबू आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ऑल इंडिया आवाम ए हिंद सुप्रीमो का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** बीती रविवार की देर रात बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार हुसैन अहमद के मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित आवास पर आल इंडिया आवाम ए हिन्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राव नदीम का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दोरान पार्टी सुप्रीमो ने सभी ग्रामीणों को पार्टी का मकसद बताया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से समाजसेवी मुरसलीम अल्वी, जिला अध्यक्ष हाफिज कमरूदीन, महासचिव अली जैदी, सुक्रमपाल कश्यप, राव सलीम एडवोकेट कानुनी सलाहकार, मुरसलीम अहमद, डाक्टर सन्जीव पाल, याकूब अहमद, हुसैन अहमद, रियासत शाह, कालू अहमद, ग"यूर अहमद, रहीस अहमद और शाहनवाज अहमद आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पूर्व छात्रों के स्वागत में हुआ श्रीराम कॉलेज में भव्य कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, के प्रांगण में महाविद्यालय के पूर्व छात्रों के स्वागतार्थ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री चंदन चौहान मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट लोक सभा (पुरातन छात्र श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ,) विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश टण्डन जी, पूर्व न्यायाधीश उत्तराखण्ड उच्चन्यायालय तथा अन्य अतिथियों के रूप में सीता राम एडीजे, सत्येन्द्र चौधरी सिविल जज सीनियर डिवीजन, डॉ0 एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ फाउन्डर चेयरमैन श्री राम ग्रुॅप ऑफ कॉलेजेज् कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ के सत्र-2007 से 2025 तक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

छात्रा मीनू के द्वारा अतिथियों के स्वागत में एक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करके उनका औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 रविन्द्र प्रताप सिंह डायरेक्टर रिसर्च श्री राम ग्रॅप ऑफ कॉलेजेज् के द्वारा श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ का परिचय तथा सत्र-2007 से अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। डॉ0 पूनम शर्मा प्राचार्या श्रीराम कॉलेज आफ लॉ के द्वारा श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, का परिचय अतिथियों के सामने कराया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए महाविद्यालय की प्रवक्ता आंचल अग्रवाल ने कहा कि इस पुरातन छात्र सम्मान कार्यक्रम के द्वारा अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों को देखकर कनिष्ठ विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे भी प्रयास करे तथा सफल व्यक्ति बनकर देष समाज व महाविद्यालय का नाम रोशन करे।

सर्वप्रथम EÛperience sharing Round में 5 पुरातन छात्रों के द्वारा महाविद्यालय से सम्बन्धित अनुभव सबके साथ साझा किये गये, इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्रथम बेच के विद्यार्थियों को पटका, पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद महाविद्यालय के अन्य पुरातन छात्रों के द्वारा महाविद्यालय में अपनी पढाई के दौरान शैक्षिक गतिविधियों से सम्बन्धित अनुभव सभागार में साझा किये गये इन प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, इसके बाद अतिथियों के द्वारा उन पुरातन छात्रों जो महाविद्यालय में पढाई के दौरान अपनी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी पर रहे उन्हे भी सम्मानित किया गया, इन पुरातन छात्रों के द्वारा अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण को दिया इसके बाद महाविद्यालय के वे पुरातन छात्र जो अन्य देशो में निवास कर रहे है, जो कार्यक्रम में शामिल नही हो पाये उन्होंने ऑनलाईन के माध्यम से सम्बन्धित अनुभव साझा किया, सभी पुरातन विधि छात्रों से शिक्षकों द्वारा प्रश्न किये गये जिनका उत्तर देकर पुरातन छात्रों द्वारा अपनी प्रतिभा प्रदर्शन किया गया जिसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया, पुरातन छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये ।

मुख्य अतिथि चंदन चौहान मेम्बर ऑफ पॉर्लियामेंट लोक सभा (पुरातन छात्र) ने अपने सम्बोधन में कहा कि एलुमिनी मीट सभी छात्रों के लिए गर्व का अवसर है पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धिया संस्थान की सफलता को दर्शाती है यह कार्यक्रम पुराने सम्बन्धों को फिर से पुनः जीवित करता है। विशिष्ट अतिथि राजेश टण्डन जी पूर्व न्यायाधीश उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी चाहते है कि हमारे सभी पुरातन छात्र जीवन में हमेशा प्रगति करे तथा संस्थान से मिली शिक्षा को समाज के हित में प्रयोग करे एलुमिनी मीट अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण माध्यम है व नई पीढी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इसके पश्चात् डॉ एससी कुलश्रेष्ठ फाउन्डर चौयरमैन श्री राम ग्रुॅप ऑफ कॉलेजेज् ने विद्यार्थियों को आर्शीबाद देते हुए कहा कि एलुमिनी मीट संस्थान तथा पूर्व विद्यार्थी के बीच सेतु का काम करता है यह कार्यक्रम सीखने तथा अनुभव साझा करने का सशक्त मंच है संस्थान के लिए विद्यार्थियों की प्रगति सबसे बडा सम्मान है। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों तथा पुरातन छात्रों को प्रतीक चिन्ह भेट किये गये। कार्यक्रम के अन्त में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डा0 पूनम शर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्रवक्ता आंचल अग्रवाल के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ, के सभी शिक्षक संजीव कुमार, सोनिया गौड़, आंचल अग्रवाल, राखी प्रमोद तुपे, मिनी सिंघल, विश्वेन्द्र पंवार, आशीष कुमार, अक्षी कश्यप, विनय तिवारी व त्रिलोक चन्द का सहयोग रहा।

# बाइक सवारों ने युवक की हत्या का किया प्रयास

**बुढ़ाना।** एक मोटर साइकिल पर सवार 2 अज्ञात युवकों ने सोमवार की शाम के समय बैखौफ होते हुए एक युवक की हत्या करने की नीयत से दो गोलियां बरसाई। जिसमें युवक बाल बाल बच गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए दर्जनों ग्रामीणों को देखकर हमलावर मोटर साइकिल सहित भाग जाने में कामयाब रहे। घटना की सूचना पर बुढाना पुलिस ने भी घटनास्थल की और दौड़ लगाई। पुलिस ने युवक से घटना के बारे में बारीकी से मालूमात की और दोनों हमलावरों की तलाश शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में मंदवाडा रोड पर एक स्कूल के पास नई कालोनी बनी है। जिसमें दानिश पुत्र मोमीन का भी मकान है।

सोमवार की सायं लगभग साढ़े चार बजे जैसे मोमीन अपने मकान में जाने लग रहा था तो तभी वहां पर एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए। जिन्होंने घर जाते समय रास्ते में ही दानिश का पीछा करना शुरु कर दिया था।

तब दानिश को कुछ आभास हुआ तो वह अपने मकानघ से पहले ही एक चिकित्सक के क्लीनिक में घुस गया तो मोटर साइकिल सवार दोनों युवक भी मोटरघ साइकिल को बाहर खड़ी करके क्लीनिक में घुस गये तो दानिश ने भी फुतह्न दिखाते हुए क्लीनिक के जीने पर चढ़कर छत पर चला गया तो वे भी दानिश के पीछे आ गये तो दानिश छत से कूद गया। दानिश के छत से कूदते ही युवकों ने दानिश के उपर दो गोलियां चलाई। जिसमें दानिश को कोई गोली नहीं लगी और वह भागता हुआ अपने घर में शोर मचाता हुआ घुस गया। तब शोर शराबा सुनकर मौके पर आए लोगों को देखकर दोनो हमलावर मोटर साइकिल पर बैठकर आराम से चलते बने। इस घटना की सूचना लोगों के द्वारा बुढ़ाना पुलिस को मिली तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दानिश से पूरी घटना की जानकारी ली। लोगों के अनुसार गोलियों की आवाज सुनकर वे सहम गये। समाचार लिखे जाने तक बुढाना पुलिस ने दोनों हमलावरों की तलाश मे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगालनी शुरु कर दी थी। उधर दानिशघ ने किसी से भी अपनी रंजिश नहीं बताई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। आखिर दोनों अज्ञात युवक कौन थे और वे दानिश की क्यों जान लेना चाहते थे ये चर्चा यहां देर रात तक चली। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया। सरे शाम हुई इस घटना को लेकर यहां के लोगों में भय बना हुआ है।

# स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

मोरना। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ अखंड धाम में महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज मोरना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शि. विर का शुभारंभ मुख्य अतिथि शुकतीर्थ स्थित अखंड धाम के प्रबंधक सतपाल शर्मा ने फीता काटकर किया तत्पश्चात पंडित नकुल दीक्षित ने कार्यक्रम अधिक. ारी पूनम रोशवाल के नेतृत्व में हवन यज्ञ को संपन्न किया। कालेज कमेटी के सचिव मदनपाल सिंह,प्राचार्य डॉ राजपाल सिंह मलिक, वेदवीर सिंह , विनोद शर्मा ,प्रवक्ता डा. राज सिंह ,मीनू चौधरी ,शालू चौधरी ,नीता चौधरी ,दीपक चौधरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं यीशु ,जाह्नवी ,पायल, रूपांशी, संगीता ,रीना ,खुशी, सिमरन, प्रीति रानी, आयुषी , अंजलिआदि ने आहूति देकर विश्व में शांति एवं सद्भावना की स्थापना के लिए प्रार्थना की। हवन के पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। ष्सड़क का सीधा सा रूल उल्टा चलने की ना करो भूलष ष्बिना हेलमेट न निकलो सड़क पर सुरक्षा है हमारा अभियानष ष्सावधानी हटी दुर्घटना घटी ष्तेज रफ्तार मौत का द्वार आपका भविष्य आपके हाथ कृपया हेलमेट रखो साथ आदि नारों के माध्यम से ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। डा. राज सिंह ने कहा




कि वाहन चलाते समय हमेशा लोगों की गलतियों के कारण स्वयं तो वे सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते ही हैं साथ ही सड़क पर चल रहे दूसरे लोगों को भी चोट पहुंचाते हैं।ड्राइविंग करते समय हम यातायात के नियमों का पालन नहीं करते जिस कारण दैनिक जीवन में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति को चोट लगने या मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। इसलिए सड़क पर चलते हुए यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।

# महाशिवरात्रि पर शिव मूर्ति मंदिर में सजी भक्ति की महफिल, भजनों पर झूम उठा खतौली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बे में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शिव मूर्ति सेवा समिति द्वारा जानसठ रोड स्थित शिव मूर्ति मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं भगवान शिव की आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात दिल्ली की प्रसिद्ध भजन गायिका ट्विंकल शर्मा ने मंच संभालते ही ऐसा भक्तिमय वातावरण बनाया कि पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने भोला भांग तुम्हारी, हसज रहे भोले बाबा, सजा दो घर को वृंदावन सा, हहारे के सहारे श्याम बाबा, राधिका गोरी से बिरज की छोरी से, कांकड़िया मत मार, हकैसे रिझाऊं और मेरा खाटू वाला श्याम जैसे लोकप्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध



कर दिया।मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। भोले बाबा का आकर्षक श्रृंगार और सुसज्जित दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भजनों के बीच-बीच में श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए और जयघोष से वातावरण को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। अंत में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ भजन संध्या का समापन हुआ। इस अवसर पर बॉबी पंडित, रमेश तनेजा, राजेंद्र तनेजा, राजकुमार तनेजा, मनोज छाबड़ा, मदन छाबड़ा, सचिन तनेजा, मोनू मंगवानी, गौरी शंकर गौरी, नरेश गुम्बर सहित समिति के पदाधिक. ारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक मुद्दों को लेकर हुआ विचार विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कुरैशी समाज की एक आवश्यक बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श कर आपस में भाईचारा अपनाने पर बल दिया गया। मुफ्ती वसीम के आवास पर हुई इस बैठक में एक पुराने मुद्दे का भी पटाक्षेप किया गया। दहेज जैसी बुराईयों और शादी ब्याह में बढ़ चढकर दिखावे के बारे में भी जोरदार चर्चा की गयी। बैठक में आपस में होने वाले विवादों को भी आगामी समय में सुलझाने के संबंध में भी बातचीत कर गहन विचार विमर्श किया गया। समाज में फैली कुरितियों को जड़ से मिटाने का संकल्प भी यहां पर लिया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से मुफ्ती वसीम, अल्ताफ कुरैशी, नवाब इम्तियाज और इसरार कुरैशी के अलावा दर्जनों लोगों की भी मोजूदगी रही।

# सपा छोड़ एआईएमआईएम की सदस्यता ली

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की दो अलग अलग बैठकें बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव परासोली और फतेहपुर नीमखेडी में आयोजित की गयी। जिसमें दोनों स्थानों पर कई ग्रामीणों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ली।

सोमवार को एआईएमआईएम के ज़िला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेश पर गांव नीमखेड़ी मे पार्टी की एक मीटिंग बुलाई गई।

जिसमे बेरिस्टर असदुद्दीन ओवेसी के हाथों को मजबूत करने और आने वाले ज़िला पंचायत चुनाव पर बातचीत की गयी। जिसमे नाज़िम राणा ने समाजवादी पार्टी छोड़कर पार्टी ज्वाइन की। जिसमे डॉक्टर नाज़िम राणा को बुढाना ब्लॉक सचिव बनाया गया जबकि शाहरुख को जोला ग्राम का



सचिव बनाया गया। नाज़िम राणा ने पार्टी को घर घर तक पहुंचाने की बात कही। यहां पर इस दौरान मुख्य रुप से ज़िला महासचिव आज़म फारुकी, बुढाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, वार्ड नम्बर 19 से ज़िला पंचायत उम्मीदवार डॉक्टर मुबारक राणा, बुढाना विधानसभा उपाध्यक्ष राशिद अंसारी, बुढाना विधानसभा सचिव अब्दुल वहाब, बुढाना नगर सचिव इरफान सिद्दीकी और ज़ाकिर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरी और गांव परासौली में भी पार्टी की बैठक हुई। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने पार्टी में आने की घोषणा की। यहां भी कुछ लोगों को पार्टी में आने पर जिम्मेदारी से नवाजा गया।

# कैंपा कोला फैक्ट्री विवाद में भाकियू तोमर का सदर तहसील में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की सदर तहसील परिसर में आज भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर के आह्वान पर आयोजित इस धरने में किसानों ने प्रशासनिक अधिका. रियों की कार्यशैली और भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रशासनिक मिलीभगत और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने तहसील प्रशासन पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा तहसील परिसर में बैठे अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। किसानों का कोई भी जायज काम बिना श्वित के नहीं किया जा रहा है। कैम्पा कोला फैक्ट्री से जुड़े विवाद में चार किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। जिलाधिकारी द्धक्डत्रः के स्पष्ट आदेश के बावजूद अब तक किसानों को उनकी जमीन वापस नहीं दिलाई गई है। चकबंदी प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं, जिससे आम किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। किसानों की जमीन को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए। कैम्पा कोला प्रकरण: फैक्ट्री से जुड़ी किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो। तहसील में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए और किसानों की शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के भीतर हो निखिल चौधरी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक किसानों की इन जायज समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक संगठन पीछे नहीं हटेगा



और यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और झंडों के साथ पहुंचे। तहसील परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# जिन्हें नोटिस मिले उन्होंने बीएलओ को दी जानकारी

**बुढ़ाना।** मतदाता सूची से संबंधित नोटिस प्राप्त करने वाले लोगों की सुनवाई सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में सभी बूथ लेवल अधिका. रियों ने अपने अपने बूथ क्षेत्र में रहकर की। सुपरवाइजर सुशील सैनी ने कन्या जूनियर हाईस्कूल बुढ़ाना, बीएलओ असमा अली ने मौहल्ला मिर्दगान और कांशीराम कालोनी और बीएलओ आबाद कुरैशी के अलावा अन्य बीएलओज ने भी अपने अपने बूथघ क्षेत्रों पर पहुंचकर कुछ नोटिसधारकों के एसआईआर फॉर्म की प्रक्रिया पूरी करवाई।

उन्होंने मतदाताओं को सूचित किया कि जिस किसी को भी एसआईआर के संबंध में नोटिस प्राप्त हुए हैं वे समय पर बूथ पर आकर अपनी प्रक्रिया पूरी करवा लें ताकि उन्हें आगे किसी भी असुविधा का सामना ना



करना पड़े। नोटिस धारकों को आधार कार्ड, पैन कार्ड, वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम, अथवा अपने सगे संबंधियों के नाम के आधार पर बीएलओ को अपने नोटिस का जवाब देना होगा। यहां जिन मतदाताओं को पूर्व में नोटिस मिले थे उनमें से कुछ मतदाताओं की सुनवाई सभी बीएलओ ने सही तरह से की। बूथ पर सब मतदाताओं से आवश्यक डाक्यूमेंट्स लिए गये। वहीं दूसरी और बुढ़ाना कस्बे की पुरानी तहसील पर लगे बूथ पर बीएलओ ने जब कुछ मुस्लिम मतदाताओं को सही जवाब नही दिया तो वे बीएलओ पर भड़क उठे और जमकर हंगामा काटा।

# पत्रकार भाग्य शर्मा के पिता अजय शर्मा की शोकसभा में उमड़ा जनसैलाब

■ **विभिन्न संगठनों के लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर के पत्रकार भाग्य शर्मा के पिता श्री अजय शर्मा की शोकसभा में आज राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर के मोहल्ला महा. जनान स्थित जैन धर्मशाला में आयोजित शोकसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र शर्मा, सीएचसी प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, समाजसेवी उमेश मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल, राजीव गर्ग, दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ अजीम हैदर, एचडीएफसी बैंक प्रबंधक सौरभ गुप्ता, बघरा ब्लॉक प्रमुख पति गौरव पंवार, अनिल बंसल, अशोक वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद पाल, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, सचिन गर्ग, विनोद वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शरद गोयल, रविंद्र कुमार, चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व प्रधान मुर. सलीन राइन, वरिष्ठ प्रमुख समा. जसेवी हाजी शाहिद त्यागी, अचिन सागर, मनीष सिंघल, गवर्नमेंट ठेकेदार सिराज मलिक,



इमरान मलिक, नफीस मलिक, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा, युवा समाजसेवी उज्जवल कर्णवाल, अनम कुरैशी, पत्रकार अदनान अख्तर, आरिफ थानवी, रहीम सै"यद, फाजिल सै"यद, आजम सै"यद, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. अब्बास अली, पत्रकार सचिन संगल, सपा नेता साहिब अंसारी, अमन सैनी, काजी अमजद मोरना एवं शहजाद साबरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, विधायक राजपाल बालियान तथा पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रेषित कीं। शोकसभा का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मणिकांत मित्तल ने किया। उपस्थित सभी लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की।

# स्वच्छता, स्वास्थ्य व सामाजिक चेतना' थीम के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आगाज़

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के मुबारिकपुर तिगाई स्थित चौधरी हरबंश सिंह कन्या डिग्री कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्धएनएसएसत्रः के सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ।

सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित इस शिविर की थीम हस्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकताह निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से छात्राओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर आयोजित सत्र में एनएसएस की भूमिका और महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वयंसेविकाओं का परिचय कराया गया तथा आगामी सात दिनों की गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।




कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को समाजसेवा के प्रति समर्पित रहने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और टीम भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं को एनएसएस डायरी एवं ब्रोच वितरित किए गए। महाविद्यालय के उप प्रबंधक हरवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि एनएसएस जैसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को समाज के प्रति जागरूक बनाते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करते हैं।प्राचार्या एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सारिका शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य केवल औपचारिक गतिविधियां आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल करना है। उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं से पूरे उत्साह, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने शिविर को सफल बनाने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# साईं धाम फाउंडेशन ने 140 टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टीबी मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार, 16 फरवरी 2026 को साईं धाम फाउंडेशन गुरुग्राम द्वारा जनपद के टीबी अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से 140 क्षय (टीबी) रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। संस्था का मुख्य उद्देश्य मरीजों को उचित उपचार के साथ-साथ बेहतर खान-पान उपलब्ध कराना है, ताकि वे जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ हो सकें।

## मरीजों के चेहरे पर दिखी मुस्कान

पोषण पोटली प्राप्त करने वाले 140 मरीजों ने संस्था और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से मरीजों के मनोबल में वृद्धि होती है और वे नियमित उपचार के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। साईं धाम फाउंडेशन ने भविष्य में भी इस प्रकार के लोक कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया है।?

## स्वास्थ्य विभाग और फाउंडेशन का साझा प्रयास

टीबी अस्पताल मुजफ्फरनगर में आयोजित इस वितरण समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीटीओ डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने शिरकत की और फाउंडेशन की इस मानवीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहयोग से ही टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर विपिन शर्मा, हेमंत यादव और अभिषेक सहित अस्पताल स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सहयोग दिया।

## उपचार के साथ पोषण भी अनिवार्य

कार्यक्रम के दौरान साईं धाम फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुशील और सुनीता ने स्वयं उपस्थित रहकर मरीजों को पोषण सामग्री भेंट की। उन्होंने बताया कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए केवल दवाएं ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला पोषण अत्यंत आवश्यक है। फाउंडेशन लगातार समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए प्रयासरत है और पोषण पोटली का वितरण इसी सेवा भाव का हिस्सा है।

# धूमधाम से मनाया केशवानंद महाराज का 79 वां अवतरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम में महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज का 79 वां अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में आए शिष्यों ने महाराज श्री का विधि-विधान पूर्वक मंत्रोचारण के बीच भाव पूजन किया। नगरी के साधु-संतों ने पहुंच शाल ओढ़ाकर उन्हें गुलदस्ता भेंट किए।

शुभारंभ सामूहिक सुंदरकांड के पाठ से किया गया तत्पश्चात श्रीराम आध्यात्मिक प्रन्यास के अध्यक्ष आरके टंडन, मधु टंडन, जियालाल, सुनीता, राधेश्याम, शारदा, कैलाश गोयल, गीता, कवर सैन गोयल समेत विभिन्न प्रांतों से आए शिष्यों ने महाराज श्री का विधि-विधान पूर्वक मंत्रोचारण के बीच भाव पूजन किया गया। समापन पर गीता घाट आश्रम के स्वामी गीतानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि स्वामी केशवानंद महाराज ने नगरी में गंगा तट पर हनुमद्धाम नक्षत्र वाटिका की स्थापना कर उसमें बहु उपयोगी पौधों का संग्रह कर सराहनीय कार्य किया है। मनुष्य के 84 लाख योनियों के चक्र से छुटकारा पाने के लिए मुक्ति यंत्र का निर्माण किया गया है। श्री शिव कल्याण आश्रम के महंत स्वामी गीतानंद महाराज ने कहा कि स्वामी केशवानंद महाराज ने नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए उन्होंने हनुमद्धाम परिसर में विशाल आवासीय भवन का निर्माण कराया है तथा गंगा तट व परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बैच बनवाई है। कार्यक्रम को श्री कृष्ण धाम के परमाध्यक्ष आचार्य इंद्रपाल आर्य, गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के सेवा. निवृत प्रधानाचार्य प्रेमशंकर मिश्रा, स्वामी आनंद स्वरुपानंद महाराज,



स्वामी विज्ञानंद महाराज ने भी संबोधित किया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिसमें साधु-संतों व ब्राह्मणों को भोजन कराया गया। , पंडित परशुराम, जितेंद्र वर्मा, प्रियांगी, राजीव गुप्ता मौजूद रहे। इससे पहले प्रेमप्रकाश अरोरा, राजकुमार अग्रवाल, संजीव गर्ग, हितकर मित्तल ने सुंदरकांड का पाठ किया

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महापंचायत में गूंजे किसानों के मुद्दे

## किसान मजदूर संगठन ने भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर में भारतीय किसान मजदूर संगठन की महाप. 'चायत युवा जिला अध्यक्ष शहजाद पुंडीर के आ]वान पर आयोजित की गई। महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में संगठन पदाधिकारी, किसान, मजदूर एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

महापंचायत में किसानों और मजदूरों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने किसानों की आर्थिक स्थिति, फसल के उचित दाम, बढ़ती खेती लागत, बिजली-पानी की समस्या और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान बढ़ती महंगाई और लागत के दबाव में परेशान है, लेकिन उसकी उपज का उसे वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा।

मजदूर वर्ग की समस्याओं पर भी चिंता जताई गई। कहा गया कि ग्रामीण मजदूरों को पर्याप्त रोजगार और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही, जिससे परिवारों की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

### डॉ. आसिफ ने जनप्रति. निधियों पर साधा निशाना

महापंचायत में उस समय माहौल गरमा गया जब युवा जनसेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। आसिफ ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गांव में कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बेगुनाह ग्रामीणों को परेशान किया गया और घरों में घुसकर लाठियां बरसाई गईं।

उन्होंने कहा, जब गांव ने 97 प्रतिशत मतदान कर अपने जनप्रति. निधियों को भारी बहुमत से जिताया, तो क्या उसी गांव के लोगों पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साध लेना उचित है?

### 20 हजार की आबादी, फिर भी अस्पताल नहीं

डॉ। आसिफ ने गांव की स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए बताया कि लगभग 20 हजार की आबादी वाले गांव में कोई सरकारी अस्पताल नहीं है। गंभीर बीमारी की स्थिति में ग्रामीणों को अन्य शहरों में जाना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि संगठन इस मुद्दे को भी मजबूती से उठाए और गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कराई जाए। महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि संगठन किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी किसानों के साथ अन्याय होगा, संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि फसल का उचित मूल्य, मजदूरों को रोजगार, और गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा। यदि प्रशासन स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

सभा में इमरान शहजाद पुंडीर (युवा जिला अध्यक्ष शामली), ठाकुर लाखन सिंह (जिला अध्यक्ष शामली), मनव्वर, मास्टर मोहब्बत, अदनान, आसिफ इरफान, गुलबहार, रकीब, आजाद राणा, मास्टर इकराम, राव आजाद, राव कामिल प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण मौजूद रहे।

# शामली में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर समीक्षा बैठक, अधिकतम वाद निस्तारण पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैरानाध्शामली में आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्पॉक्सो कोर्ट सीमा वर्मा ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधिका. रियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित मामलों को चिन्हित कर उनका अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस दौरान प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभा, पुलिस क्षेत्राधिकारी थानाभवन जित. ेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रोहित राजपूत, राजस्व विभाग से कुलदीप कुमार, अमर देशवाल, एलडीएम अनिल कुमार तथा कैराना कोतवाली से एसआई विनोद राघव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभागों से समन्वय बनाकर अधिकतम वादों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध चाकू व भैंस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना थानाभवन पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 45/26 के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक दीपचन्द ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए फैजान पुत्र इमरान, निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर, हाल निवासी मोहल्ला न्याजूपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर तथा फिरोज पुत्र मुस्तकीम, निवासी मोहल्ला न्याजूपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। एक भैंस और भैंस का बच्चा भी बरामद हुआ है।

## नाले किनारे दोबारा रास्ता खोलने पर एसडीएम से शिकायत

**चौसाना।** लव्वा दाउदपुर में बंद कराए गए रास्ते को दोबारा खोलकर निर्माण कराने का मामला सामने आया है। ग्रामीण ने उपजिलाधिकारी ऊन को प्रार्थना पत्र देकर नाले के किनारे बनाए जा रहे गेट व दीवार को अवैध बताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। चौसाना क्षेत्र के लाव्वादाउदपुर में धर्मेन्द्र पुत्र धर्मपाल ने तहसील ऊन दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में एक मकान के पास पूर्व दिशा की ओर रास्ता निकालने का प्रयास पहले भी किया गया था। शिकायत पर अधिकारियों ने जांच की थी, जिसमें मकान नाले के ऊपर होने के कारण रास्ता व गेट खुलवाने की अनुमति नहीं दी गई थी। पूर्व में नाले में गिरकर एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है, जिस कारण सुरक्षा को देखते हुए पश्चिम दिशा की ओर का रास्ता बंद करा दिया गया था। आरोप है कि अब दोबारा उसी स्थान पर गेट लगाकर दीवार का निर्माण किया जा रहा है। इससे फिर किसी हादसे की आशंका बनी हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि दबंगता के बल पर लगातार निर्माण कार्य जारी है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। उपजिलाधिकारी से मामले की अन्य अधिकारी से जांच कराकर अवैध निर्माण रुकवाने व लगाए गए गेट को तुरंत बंद कराने की मांग की है।

## एक नजर

### कोर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लखनऊ में कल मंगलवार 17 फरवरी को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा घेराव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य और कोर्डिनेटर सहारनपुर ओम प्रकाश शर्मा को हिरासत में लेकर पुलिस ने उन्हें उनके शामली स्थित आवास पर हाऊस अरेस्ट किया। कांग्रेस नेता ने इस कार्रवाई को मजदूरों, गरीबों और आमजन के अधिकारों की आवाज दबाने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद कर रही है। लेकिन कांग्रेस के लोग अपने प्रिय नेता राहुल गांधी और अजय राय के आह्वान पर देश प्रदेश में किसान मजदूर की आवाज को लगातार बुलंद करते रहेंगे। ओम प्रकाश शर्मा ने इस कार्रवाई को पूरी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### नौकरी के बहाने ले जाकर युवक को जिंदा जलाने का आरोप, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र के मोहल्ला छड़ियान निवासी एक युवक को नौकरी दिलाने के बहाने ले जाकर जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित गंभीर रूप से झुलसा हुआ है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। परिजनों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। मोहल्ला छड़ियान निवासी इनाम पुत्र रफीक ने कोतवाली कैराना में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पुत्र सुफियान को ग्राम गंगेरू निवासी वली पुत्र शमीम व अफसर पुत्र रहीस विगत 11 फरवरी को कपड़े के काम पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि दोनों युवक को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां जान से मारने की नीयत से उसके शरीर पर आग लगा दी। परिजनों के अनुसार, सुफियान गंभीर रूप से झुलस गया। आरोप है कि रविवार को शाम करीब 5रू30 बजे दोनों आरोपी उसे जली हुई हालत में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। मौके पर मौजूद महताब, सलमान और असलम ने आरोपियों को जाते हुए देखा और घायल युवक को उठाकर उसके घर पहुंचाया। परिवार के लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पीड़ित की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित के पिता ने आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बीएलओ व पुत्र से मारपीट करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एस आई आर नोटिस तामील कराने गई बीएलओ ओर बेटे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गुलाब को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। रविवार को क्षेत्र के गांव जैनपुर में बीएलओ बबीता अपने पुत्र के साथ गांव में ही गुलाब से एस आई आर नोटिस को तामिल कराने उसके घर पहुंची थी। जहां पर बबीता के साथ गुलाब ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करने लगा।जब बबीता के पुत्र ने इसका विरोध किया तो गुलाब ने बीएलओ के पुत्र पर हमला कर दिया था। जिसमें वह घायल हो गया था। मामले में बीएलओ बबीता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार की देर रात आरोपी गुलाब को गिरफ्तार किया है। सोमवार को गुलाब सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया बीएलओ के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी गुलाब को गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई की गई है।

### महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला पर महा. शिरात्रि पर्व के अवसर पर चतुर्थ महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया गया। गत रविवार देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम परिसर में महाशिरात्रि पर्व के अवसर पर चतुर्थ महाकालेश्वर संकीर्तन का शुभारंभ चेयरमैन अरविन्द संगल, नितिन जिंदल, दुर्गेश वर्मा, विवेक प्रेमी ने किया। इस दौरान 151 किलो फूलों से बाबा का श्रृंगार किया गया था। संकीर्तन में शिव पार्वती विवाद की मनमोहक झांकिया प्रस्तुत की गई। ढोल नगाडों द्वारा भव्य दिव्य एवं आलौकिक आरती हुई। इसा दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। भगवान शिव की भजनों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए थे। बाद में प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर रामकुमार वर्मा, देवानंद गौड, गौरव वर्मा, अरविन्द .ष्टा महाराज आदि मौजूद रहे।

# ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का भव्य शुभारंभ, 50 विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना पानीपत बाईपास स्थित ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के बीच विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हरी ग्रुप के प्रबंधक सुभाष चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, अभिभावक, समाजसेवी और शिक्षाविद शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। विद्यालय के चेयरमैन सुफियान चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कैराना क्षेत्र के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी आधु. निक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में नवीन शिक्षण पद्धति, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग संसाधन, अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में सह-पाठड्क्रम गति. विधियों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों को समान प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्य अतिथि सुभाष चौधरी ने विद्यालय प्रबंधन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा स्थापित करेगा और अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की।

इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को विशेष लाभ मिलेगा। घोषणा के बाद अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को विद्यालय परिसर का निरीक्षण कराया गया, जहां आधुनिक सुविधाओं और सुसज्जित कक्षाओं की सभी ने सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।




## सालाना इजलास-ए-आम सम्पन्न, दो छात्रों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना के मोहल्ला आल खुर्द स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया दारे अरकम में सालाना इजलास-ए-आम (वार्षिक जलसा) का आयोजन धार्मिक उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए उलेमा-ए-इकराम ने दीनी तालीम की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज को शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। मदरसा मोहतमिम कारी मोहम्मद याकूब साहब ने आए हुए सभी उलेमा और मेहमानों का स्वागत करते हुए मदरसे की शैक्षिक प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीनी और दुनियावी तालीम का संगम ही बेहतर समाज की नींव है। इस अवसर पर दो छात्रों अब्दुल समद कासमी और रिहान अमजद की दस्तारबंदी की गई। दस्तारबंदी के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन किया। दोनों छात्रों के अभिभावकों ने मदरसा प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुस्कान, बिलाल, रिहान, उवैस सहित अन्य बच्चों ने नात, तकरीर और हम्द पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। समारोह के अंत में हजरत मौलाना कारी आस मोहम्मद ने सामूहिक दुआ कराई। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद नाजिम, मौलाना वासिल अल हुसैन, मौलाना वसीम, मौलाना नफीस, मौलाना आफताब, मौलाना नसीम, मौलाना अल्ताफ और मुफ्ती साजिद सहित कई गणमान्य उलेमा मौजूद रहे। मदरसा कमेटी के सदस्य हाजी मोहम्मद उमर, तस्लीम, कल्लन, कासिम, हामिद, जाहिद, नौशाद समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एसडीएम ने ग्रामीण मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, एसआईआर कार्य की समीक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एसडीएम निधि भारद्वाज ने ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्धबीएलओ ऋ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम ने इस्सोपुर खुरगान, मंडावर, मवी तथा नगला राई गांवों में स्थापित मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन और त्रुटि सुधार से संबंधित अभिलेखों की जांच की तथा मौके पर उपस्थित बीएलओ से कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के आदेशों के अनुरूप एसआईआर प्रक्रिया को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एसडीएम ने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही, मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता व अन्य विवरणों में पाई गई त्रुटियों को दुरुस्त करने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन रहे, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

### अलग-अलग मामलों में चार दोषियों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अदालत ने अलग-अलग मामलों में चार दोषियों को सजा सुनाई है। शामली पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते जानलेवा हमला, मादक पदार्थ तस्करी, चोरी और कूटरचना के मामलों में यह निर्णय आया।

थाना झिंझाना में वर्ष 2015 में दर्ज मुकदमा संख्या 224ध15 में आरोपी साजिद उर्फ पाव पुत्र रशीद निवासी नौकुआ रोड घेर बुखारी, थाना कोतवाली शामली को धारा 307 भादवि में सात वर्ष के कारावास और 5000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। साथ ही धारा 25 शस्त्र अधिनियम में तीन वर्ष के कारावास व एक हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

वर्ष 2020 में थाना झिंझाना में दर्ज मुकदमा संख्या 480ध2020 द्धधारा 18ध20 एनडीपीएस एक्टऋ में आरोपी संजय उर्फ संजू पुत्र विक्रम बावरिया निवासी खानपुर कला को 5 वर्ष 4 माह 15 दिन के कारावास और पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है।

थाना कांधला में वर्ष 2006 में दर्ज मुकदमा संख्या 345ध2006 द्धधारा 379, 411 भादविऋ में आरा. `पी शहनवाज पुत्र अब्बास निवासी ग्राम गंगेरू को जेल में बिताई गई अवधि द्धपांच माहऋ की सजा से दंडित किया गया।

2017 में थाना कांधला में दर्ज मुकदमा संख्या आरोपी अनीस पुत्र उमरदीन निवासी मौहल्ला खेल को न्यायालय उठने तक की सजा व एक हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सशक्त पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वच्छता व स्वास्थ्य पर दिया गया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयंसेविक. ाओं द्वारा प्रार्थना, योगाभ्यास एवं लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गान से की गई।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिक. ारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल स्थित शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत विषय पर गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ। नयना शर्मा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और स्वास्थ्य का स्वच्छता से गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण डायरिया, प्लेग, हैजा जैसी अनेक बीमारियां फैलती हैं, जो शरीर को कमजोर बना देती हैं।डॉ। शर्मा ने दूषित जल, प्रदूषित वायु एवं मिलावटी खाद्य सामग्री को आज की प्रमुख समस्याएं बताते हुए इनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# डीएम का कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों में निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक प्रथम, न्यायिक सहायक द्वितीय, नगर पालिका परिषद, आयुद्ध, राजस्व सहायक द्वितीय, बिल सहायक पटल को देखा।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री बंसल ने निर्देश दिए कि निरीक्षण पुस्तिका में संबंधित कर्मचारियों का नाम भी उल्लेखित किया जाए। सभी पटलों के कार्य विभाजन को देखा। सभी से कहा कि मानव संपदा के विवरणों को भौतिक रूप से भी रखा जाए। सभी कर्मचारी ई-ऑफिस के आधार पर शत-प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें। रिटायर्ड होने वाले कार्मिकों की पंजिका को देखा तथा इनको अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि उच्च स्तर पर दिए गये निर्देशों के आधार पर की गयी कार्यवाही को सर्विस बुक में भी उल्लेखित किया जाए। कार्यालय में उल्लेखित रजिस्टरों में मास्टर रजिस्टर भी बनाया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी पटलों के कनिष्ठ प्रभारियों की भी नियुक्ति की जाए। रजिस्टरों को नियमानुसार बनाया जाए। कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। डिस्पैच रजिस्टर के साथ-साथ विषय को भी उल्लेखित किया जाए। सभी कर्मचारी अपने आईकार्ड का डिसप्ले करें। आंग्ल अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होने रिकार्ड को कर्मिक रूप से वैज्ञानिक ढंग से लगाने के निर्देश दिए ताकि डिजिटल दस्तावेजों की भांति भौतिक दस्तावेजों की भी एक क्लिक पर यथाशीघ्र जानकारी मिल सके। नजारत का निरीक्षण कर उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि नजारत के संबंध में एक एसओपी तैयार की जाए। समस्त कार्यों का रजिस्टर में अंकन किया जाए। वस्तुओं की खरीदारी नियमानुसार जैम पोर्टल से की जाए। राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागार के रिकार्डों का गहन निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिए कि अभिलेखागार का रख-रखाव हमेशा बेहतर तरीके से किया जाए। जिला भूमि व्यवस्था अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। भूलेख अनुभाग में कृषक दुर्घटना सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण कर उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने वादों को दिन-प्रतिदिन की तिथि देकर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। 05 वर्ष से अधिक पुराना कोई भी वाद लम्बित न रहे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, ओएसडी अनिप कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाउस अरेस्ट किए गए कांग्रेसी नेता

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। मनरेगा योजना का नाम बदलने तथा अन्य जनसमस्याओं को लेकर प्रस्तावित विधानसभा घेराव आंदोलन से पहले प्रशासन ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। इस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया है।



महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनीष त्यागी ने महानगर कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दों पर किए जा रहे आंदोलनों को रोकने के लिए नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है, जो सरकार की घबराहट को दर्शाता है। मनीष त्यागी ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई थी और कोरोना काल में इस योजना ने लाखों श्रमिकों को सहारा दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस योजना से जुड़े मुद्दों पर जवाब देने के बजाय विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनता के अधिकारों और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अपना संघर्ष जारी रखेगी और किसी भी स्थिति में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, मयंक शर्मा, खालिद अंसारी, गणेश दत्त शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिम्मेंदारी से करें कामः कुलदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सभी कर्मचारी जिम्मेदारी और लगन के साथ कार्य करें।क्षेत्रवासियों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।



बाईपास रोड स्थित टँकी नम्बर एक पर चेयरपर्सन प्रति. निधि कुलदीप बालियान ने कर्मचारियों से कहा कुछ दिनों बाद पवित्र रमजान का महीना और होली का त्यौहार आने वाला है।इस दौरान विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।दिन में दो बार सफाई की जाएगी।मस्जिदों के पास चूने का छिड़काव किया जाएगा।जलापूर्ति निर्बाध होनी चाहिए।खास तौर पर सहरी और अफ्तार के समय लोगों को जलापूर्ति मिले।कुलदीप बालियान ने कहा कि चेयरपर्सन रेनू बालियान के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी कर्मचारी किसी तरह की लापरवाही न करे।नगर की जनता ने जिस उम्मीद से जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करना हमारी और आपकी जिम्मेदारी है।

सभासद नफीस सैफी ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी हमारे अपने हैं और अपनों को ज्यादा जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

इस दौरान सफाई नायक अनिल कुमार, सन्नी,सुरेंद्र आदि सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आकर्षक सलाद सजाकर दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एमपीएस की चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में पारंगत करना हमारी संस्था लक्ष्य है।

मदरलैंड पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौष्टिक और आकर्षक सलाद बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों से सजे सलाद सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। निर्णायक मंडल ने स्वाद, सजावट, स्वच्छता और पोषण मूल्य के आधार पर बच्चों की प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।




कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शालू कुमारी के निर्देशन में किया गया।स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि स्कूल के बच्चों को हर क्षेत्र में पारंगत करना हमारी संस्था का लक्ष्य है।

प्रधानाचार्या डॉ. शालू कुमारी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सीनियर्स छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सीडीकेआर मॉडर्न इंटर कॉलेजमें कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को समारोह पुर्वक सां. सकृतिक कार्यक्रमों के बीच विदाई दी गई। बच्चों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभवो को साझा किया। सरस्वती वंदना व अतिथि स्वागत शिफा, वंदना, नैना, नव्या, अंशिका, अक्शा, वैष्णवी, प्रीति, प्रियंका ने किया।

गतवर्ष हाईस्कूल की नबिया, जिया सैनी व आतिका और इंटर की हिमांशी सैनी, जिया व जोया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने पर प्रधानाचार्य ओमपाल सैनी, घनश्याम सैनी, सुदेश सैनी, बबीता सैनी ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए पुरस्कार वितरित किए। संचालन उप प्रधानाचार्या सविता सैनी ने किया।

## अवैध शराब की तस्करी करते दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले 01 शातिर आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से कुल 12 बोतल अवैध देशी शराब माल्टा हरियाणा मार्का बरामद की गई है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने अवैध शराब की तस्करी / बिक्री करने वाले 01 शातिर आरोपी कुर्बान पुत्र अशरफ निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना को ग्राम अब्दुल्लाहपुर जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के निकट से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किये गए आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी 03 आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई सुखबीर सिंह, कांस्टेबल नितिन व हरिभान सिंह शामिल रहे।

# महादेव मंदिर में किया महारूद्राभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नवीन मंडीस्थल मंडीश्वर महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक किया गया। जबकि पुरषार्थी धर्मशाला शिवालय में बाबा भोलेनाथ के संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया।



पं. हर्षमणि शास्त्री व पं. ऋषभ भारद्वाज की देखरेख में महारुद्राभिषेक के मुख्य यजमान विकास गर्ग रितु गर्ग, गंगोह उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मोल्लड़मल गर्ग, शालू चौधरी, विपिन सिंघल, अनूप सिंघल, पंकज गर्ग, मनोज गोयल मोनिका गोयल, दिनेश गोयल अनिता गोयल, अंकुर गर्ग आदि रहें। कार्यक्रम संयोजक युवा अध्यक्ष मनोज गोयल, शशांक व समर्थ गोयल रहे। पुरुषार्थी धर्मशाला शिवालय में बीतीरात भोलेनाथ का गुणगान किया गया। ज्योति संस्थाध्यक्ष जगदीश चुघ ने प्रज्जवलित की। पुजन पं. सुरेन्द्र पुरो. हत ने कराया। इसके बाद नवीन पांच. ाल, कश्यप कुमार फौजी, प्रवीण फोकर, मा. यशपाल सिंह, अंकित अग्रवाल, अभिषेक, अरविन्द शर्मा, औमप्रकाश चुघ, विक्की व विनोद आदि ने बाबा का गुणगान किया। सुबह आयोजित विशाल भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुजन ने प्रसाद पाया।

# आतिफ मिस्टर व परीशा मिस फेयरवेल बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में कक्षा दस के छात्र छात्राओं के लिए गुडलक पार्टी व कक्षा बार. हवीं के छात्र छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई।




गुडलक पार्टी का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष शुभम गुप्ता व फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ प्रबंधक आदेश गर्ग ने फीता काटकर किया। प्रबंध समिति के सदस्य मुकेश गुप्ता, नरेन्द्र ताराल, नितिन तायल, गौरव गर्ग, अमित गर्ग, रचित गुप्ता, मयंक गुप्ता, नमिता गुप्ता, शालिनी गर्ग आदि को चुन्नी पहनाकर व गुलदस्ते देकर स्वागत किया। कक्षा नवीं व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनमो. हक नृत्य, गीत, कविता पाठ एवं मनो. रंजक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न टाइटल्स रखे गए। अदिति को मिस गुडलक व परिचित को मिस्टर गुडलक, सुफिया को मिस चामिग व हर्ष गुप्ता को मिस्टर हैंडसम चुना गया। कक्षा बारहवीं में परीशा को मिस फेयरवेल, आतिफ को मिस्टर फेयरवेल, वास्वी को मिस एसओपीएस, शहवार को मिस्टर एसओपीएस, शिवांगी को मिस इन्टेलीजेन्ट, माधव को मिस्टर इन्टेलीजेन्ट, निशा को मिस चारिग व सानिध्य को मिस्टर हैंड्सम चुना गया।

सभी छात्राओं को शेशे पहनाकर सम्मानित किया गया। रिधिमा को हैड़ गर्ल व आरव को हैड़ बॉय नियुक्त किया। अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। मंच संचालन रमशा, मदीहा, शिजा, सिया, हाफिया आदि ने किया।

# छठी के अवसर पर भण्डारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मोहल्ला कांजीमल खेड़ेवाला सुल्तानपुर स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में श्री गुरु रविदास जयंती महापर्व के उपलक्ष्य में छठी महोत्सव बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ।



धार्मिक अनुष्ठान और सेवा कार्य कार्यक्रम का शुभ आरंभ हवन द्वारा संपन्न कराए गए पावन हवन से हुआ। इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में मोहल्ले के बच्चों और सभी युवा साथियों ने सेवा और व्यवस्था संभालने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आयोजन समिति में श्रीगुरु रविदास युवा शक्ति समिति व समस्त महोल्ला वासी रहे। इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से इसम सिंह, सूरज कुमार, संदीप कुमार, सुमित, अजय, हरिसिंह, आशु, आशीष, नवीन, सरजीत, सोनू, ओम सिंह, मेंमपाल, विजेंदर, सोनेश, ब्रजपाल, संदीप, विशाल कुमार, अर्जुन, महेंद्र भगत, नेहा, रिया, झुमकी, तनु, रितिका, प्रियंका, सलोनी, राधिका आदि रहे।

# उप्रा विद्यालय के बच्चों ने किया विजिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** उत्तर प्रदेश सरकार की पी एम श्री योजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कातला नवीन के कक्षा 6 से 8 तक के 40 बच्चे एजुकेशन विजिट के लिए न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में आए।



सभी बच्चों ने स्कूल में सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया और कक्षाओं में बैठकर सभी अध्यापकों से प्रश्न उत्तर पूछ कर ज्ञान अर्जन किया। सभी बच्चों को साइंस लैब, बायो लैब और लाइब्रेरी दिखाई गई। कंप्यूटर लैब में बच्चों ने प्रोजेक्टर पर काम किया। इस दौरान खेलकूद और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में रस्सा खींचना, खो खो आदि खेलों का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पायल, द्वितीय स्थान पर काफिया, तृतीय स्थान पर अर्शी और सानिया रहे। खो खो में प्राथमिक विद्यालय की छात्रों ने बाजी मारी उनको गोल्डन मेडल देकर सम्मानित किया। विजिट पर आए सभी विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से एजुकेशनल किट दी गई। प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज तसनीम अहमद ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

साथ में आए सहायक अध्यापिका पेकर सुल्ताना व अनुद.शक किरण रानी ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य विकास सैनी ने सभी अध्यापकों को सम्मान प्रतीक चिन्ह वितरित किए गए तथा स्कूल के बच्चों को उपहार देकर अपना आशीर्वाद दिया।

## ट्रायल्स 19 को

**सहारनपुर।** हॉकी खेल के जिला व मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में खिलाड़ी प्रतिभाग कर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतिभाग हेतु क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा जिला व मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 19 फरवरी को किया जायेगा।

**सूचना**

मैने स्वेच्छा से अपना निकाह अनस पुत्र तसलीम से कर लिया था। जिससे मेरे परिवार वाले खुश नहीं है। इसलिये मैने अपने मायके वालों से सभी तरह के संबंध समाप्त कर लिये है। भविष्य में मेरा मेरे मायके वालो से कोई संबंध नहीं रहेगा।

**महक पत्नी अनस पुत्री शाकिर निवासी हबीबगढ, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

# हत्या में दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-04 ने हत्या के मुकदमे में दोषसिद्ध होने पर एक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता शिवसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जुलाई 2020 को वादी प्रीतम सिंह पुत्र जयपाल निवासी लाखनौर थाना नागल जनपद सहारनपुर ने थाना नागल में सूचना देकर बताया था कि आरोपी अरूण पुत्र विनोद कुमार निवासी वाजिदपुर थाना नागल ने उसके चाचाा दिगम्बर सिंह की खेत में धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने सूचना के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी सं-1803/2021 पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-04 में विच. ाराधीन रहा। एडीजीसी शिवसिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देशन में ऑपरेशन कनवीशन में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-4 ने आज अभियुक्त अरूण पुत्र विनोद कुमार निवासी वाजिदपुर थाना नागल को मुअसं-252/ 2020 धारा 302/404 भादवि में आजीवन कारावास व 25 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# श्री बालाजी धाम में दिव्य गीता सत्संग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बाला. जी धाम के 18 वार्षिक महोत्सव के कार्यक्रम की श्रृंखला में दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए।



बेहट रोड स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में आयोजित सत्संग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं गीता जी के द्वारा जीवन जीने का सूत्र प्रदान किया। श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में स्टार पेपर मिल के मुख्य महा प्रबंधक इंद्रजीत सिंह, गंगा सभा हरिद्वार से पधारे उज्ज्वल पंडित, आज के यजमान सजल भरतरी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत अतुल जोशी महाराज, अरुण जोशी एवं मयंक जोशी ने मिलकर व्यास पीठ का पूजन किया जिसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को माल्यार्पण कर वह शॉल ओढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने वचनों द्वारा गीता के सूत्र को जीवन में उतारकर अपने जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गीता भगवान श्री कृष्ण के मुख से निकली हुई है, केवल विश्व में एकमात्र गीता ही ऐसा ग्रंथ है जिसे भगवान ने अपने मुख से उच्चारण कर जनकल्याण के लिए विश्व को प्रदान किया है। कलयुग में गंगा, गाय, माता और गीता साक्षात ईश्वर स्वरूप ही हैं।

मंच संचालन आचार्य दीपक अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर अशोक चावला, योगेश गौनियाल, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन मानसिंह जैन, सन्नी छाबड़ा, के मिश्रा, दीपक सागर, तपेश्वर दत्त, सुरेंद्र कुमार, अनिल सैनी, मनोज बलिया, आचार्य शुभम कौशिक, पंडित शेष राज मिश्रा, खेमराज मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन इण्टर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चिलकाना रोड स्थित गाँव बालपुर के प्राथमिक विद्यालय मे चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समाज सेवा की शपथ के साथ समापन हो गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवकों से कहा कि आपने शिविर में अपना एक सप्ताह लगाया है, वह व्यर्थ नहीं जाएगा, आपके जीवन मे अवश्य ही अच्छे परिवर्तन होंगे। आप विद्यार्थी जीवन का कुछ भी भूल जाएं, लेकिन यह शिविर सदैव आपकी यादों में बना रहेगा। कार्यक्रम अधिकारी प्रदर्शन जैन ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में कक्षा 11 के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। 10 फरवरी से आरम्भ हुए शि. विर का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा हुआ।

शिविर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान, पौधारोपण, सफाई, 179 परिवारों के आर्थिक और सामजिक स्तर का सर्वे, बेटी बचाओ रैली, मतदाता जागरूकता रैली, स्वच्छता के प्रति जागरूकता रैली, संचारी रोगों के प्रति जागरूकता, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता जैसे समाजसेवा के कार्यों को सम्पादित किया। एक सत्र में योग विशेषज्ञ कुलभूषण वर्मा ने स्वयंसेवकों को योग की महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

कार्यक्रम को पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य इमराना प्रवीण, पानसर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता बाह्य केंद्र व्यवस्थापक धर्मपाल यादव ने भी सम्बोधित करते हुए स्वयंसेवकों से राष्ट्र, समाज एवं मानव सेवा में हमेशा तत्पर रहने का आह्वान किया।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत निगम की टीम को लोगों के विरोध का करना पड़ा सामना



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत निगम की टीम को सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

विद्युत निगम की टीम शिवापुरम कॉलोनी में उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने स्मार्ट मीटर में रीडिंग में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मीटर लगाने से मना कर दिया। जिसको लेकर अधिकारियों और लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। वहां पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता और महामंत्री राम मोहन सैनी के नेतृत्व में लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने आई टीम का पुरजोर विरोध करना शुरु कर दिया। जिसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। विरोध करने वालों मेंघ्शुभम त्यागी, सत्यम, सतीश, बबलू,सोमपाल, रुबी, सुरेशो, सुनीता, किरण, आरती आदि शामिल रहे।

बता दें कि इससे पूर्व भी नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोग स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर चुके हैं। लेकिन विरोध के बावजूद निगम अभी तक नगर क्षेत्र में करीब तीन हजार मीटर लगा चुका है।

# कादियानी समुदाय के लोगों के बहकावे में न आएं लोग: मोहतमिम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि आजकल कादियानी समुदाय के कुछ लोग मुस्लिम मजलिसों में पहुंच कर लोगों को बहकाने का काम कर रहे हैं, जो बेहद चिंता का विषय है।

विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की ओर से मस्जिदों के इमाम और मजलिस तहाफ्फुज खत्म-ए-नबुअत के जिम्मेदारों के लिए जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि कादियानी समुदाय से जुड़े शकील बिन हनीफ के नाम से कुछ लोग मुस्लिम मजलिसों में पहुंचते हैं और लोगों को बहकाने का काम कर रहे हैं, जिनसे सचेत रहने की जरुरत है। मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी कहा कि रमजान का महीना शुरु होने वाला है, ऐसे में यह लोग एहतकाफ (एकांतवास) में बैठने वाले या दूसरी मुस्लिम मजलिसों में जाकर भोले भाले लोगों को बहला-फुसलकर उन्हें अपने जाल में फंसाने का काम करते हैं।

मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि यह सिलसिला पिछले कुछ सालों से प्रकाश में आया है। इसलिए सभी जिम्मेदारों को चाहिए कि वह ऐसे लोगों की पहचान करें और लोगों को इनके बहकावे में आने से बचाने का काम करें। इसके साथ ही एहतकाफ में बैठने वाले या अन्य मजलिसों में पहुंचने वाले लोगों को इससे अवगत कराएं और उनसे बचने की सलाह दें।

# नर सेवा नारायण सेवा के तहत जरूरतमंद को आजीविका चलाने को रेहड़ी की भेंट




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सामाजिक संगठन मानव कल्याण मंच ने नर सेवा नारायण सेवा के तहत एक जरूरतमंद व्यक्ति को आजीविका चलाने हेतु हाथ रेहड़ी भेंट की।

रेलवे रोड स्थित शिव शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में हुए कार्यक्रम में समाजसेवी आशुतोष गुप्ता ने कहा कि मानव कल्याण मंच लगातार समाजसेवा के कार्य कर रहा है। मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है क्योंकि इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। शिव शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुशील कर्णवाल, राजू सैनी, सभासद रविंद्र चौधरी, विकास देशवाल, राजीव शर्मा, जितेंद्र कश्यप आदि शामिल रहे।

# शायरों ने अपना कलाम पेश कर लूटी खूब वाहवाही



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था मानव एकता मंच के तत्वावधान में मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें शायरों ने अपना कलाम सुनाकर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान शायरों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

सांपला रोड स्थित रहमत कालोनी में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ समाजस.ेवी सुलेमान फारुकी आढ़ती ने फीता काटकर और डा. शाजिया नाज ने शमा रोशन कर किया। मुशायरे में चांद देवबंदी ने अपने अंदाज में कुछ यूं कहा... खत्म दिल से सारी रंजिश बेरुखी करनी पड़ी, थक गए जब दुश्मनी से दोस्ती करनी पड़ी। डा. सलमान दिलकश का अंदाजे बयां कुछ यूं था..चाहते हो जो जमाने में बनो तुम दिलकश, बस यही बात है काफी तुम्हें उर्दू आए। नदीम अनवर ने पढ़ा...इतनी दौलतें मत दे जिससे गैर जल जाएं, मुझको सिर्फ इतना दे मेरा काम चल जाए। डा. सादिक देवबंदी के इस शेर...खून बहने लगा है आंखों से कोई लम्हा चुभा है आंखों से, सारे मंजर उदास लगते है कोई ओझल हुआ है आंखों से, ने श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। इनके अलावा डा. सादिक देवबंदी, सलमान दिलकश, जहांगीर मलिक, नईम अख्तर, जाहिद दिलबर, चांद देवबंदी आदि ने भी अपने कलाम पेश किए। मंच अध्यक्ष मुर्तजा कुरैशी व संयोजक अब्दुल कादिर गौड ने सभी का आभार जताया। अध्यक्षता कारी शमशाद व संचालन जावेद आसी ने किया। खालिद गौड, अजहर गौड, इरम उस्मानी, हाफिज कलीम कुरैशी, रिजवान अंसारी, शहजाद अली, नावेद कुरैशी, वसीम अब्बास नकवी, बाबर अली, वसीम अलवी, परवेज अब्बासी आदि शामिल रहे।

# जूनियर्स छात्राओं ने सीनियर्स को दी विदाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में जूनियरस छात्राओं ने सीनयिरस को विदाई दी। इसमें जूनियरस छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेस्तुत किये।

पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा आयशा दाऊद के वेलकम तराने से हुआ। जबकि हमीदा ने फेयरवेल टाइटल प्रस्तुत किया। 11वीं कक्षा की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इंटरमीडिएट की छात्राओं को विदाई दी। इसमें छात्रा तहरीम, माहिन, युसरा आदि की कव्वाली की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फातिमा कुरैशी को मिस फेयरवेल चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. रखशंदा रुही मेहंदी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी, शबाना सफवान, जेबा, बुशरा, साजदा, रुबीना शहजाद, शबाना, अरशी आदि शामिल रहीं।

# एसडी मैनेजमेंट में विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन पर संगोष्ठी आयोजित




**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रांगण में आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा विकसित भारत के अंतर्गत रोजगार आजीविका मिशन विषय पर एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं, आत्मनिर्भरता के अवसरों तथा आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणादाई संबोधन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना तभी साकार हो सकती है जब देश का युवा वर्ग कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें व्यावसायिक कौशल से सुसज्जित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, कौशल विकास और नवाचार की सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आ]वान किया कि वे इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक प्राची मैडम रहीं। उन्होंने ष्रोजगार आजीविका मिशनह्न विषय पर विस्तृत प्रस्तुति पावर पॉइंट PPT के माध्यम से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, स्वरोजगार योजनाओं एवं ग्रामीण आजीविका मिशन जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि कैसे सरकार युवाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने स्वयं के व्यवसाय स्थापित कर सकें और रोजगार सृजन में योगदान दे सकें। प्राची मैडम ने अपने व्याख्यान में बताया कि रोजगार आजीविका मिशन केवल नौकरी प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने, आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर आर्थिक विकास को गति देने का माध्यम है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयास बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। विद्यार्थियों ने इस प्रस्तुति को अत्यंत रुचि एवं उत्साह के साथ सुना तथा विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर प्राची मैडम ने विस्तारपूर्वक दिया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त बीबीए संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इनमें मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान तथा लवी वर्मा शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार की गतिविधियों को समय की आवश्यकता बताया। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक समझ को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा अंत में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे केवल नौकरी की तलाश करने वाले न बनें, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का लक्ष्य रखें। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्एक युवा आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेगा। समापन अवसर पर प्राचार्य महोदय ने आईक्यूएसी सेल एवं इन्फोटेनमेंट क्लब की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विषयों पर निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास से जुड़ी नीतियों और योजनाओं की समुचित जानकारी मिल सके। उन्होंने मुख्य समन्वयक प्राची मैडम के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की और कहा कि उनकी प्रस्तुति विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही। कार्यक्रम का वातावरण शैक्षणिक ऊर्जा और सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे रोजगार आजीविका मिशन के उद्देश्यों को समझकर अपने करियर की दिशा तय करेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस प्रकार एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादाई भी रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एमआर टीकाकरण अभियान शुरू

## वरिष्ठ चिकित्सक ने प्राथमिक विद्यालय में फीता काटकर किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** प्राथमिक विद्यालय प्रथम में एमआर खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय में 100 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को फ्रूटी भी वितरित की गई।



डा. मनोज वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरा एक संक्रामक रोग है, जिसमें शरीर पर दाने, बुखार, खांसी, नाक बहना और आंखों में लाली जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में निमो. निया, दस्त तथा मस्तिष्क संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि खसरा-रूबेला का टीका पूर्णत सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता, इसलिए सभी बच्चों को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्कूल आधारित विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 45 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2026 तक खसरा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना है। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा के 189 विद्यालयों, 140 सरकारी एवं 45 निजी में यह अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 17,409 से अधिक लक्षित बच्चों को अतिरिक्त खुराक दी जानी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रत्येक विद्यालय में पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं।

इस अवसर पर डा. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रदेश में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषकर उन बच्चों में जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इस अतिरिक्त खुराक का उद्देश्य रोग की रोकथाम कर जटिलताओं से बच्चों की सुरक्षा करना है। यदि किसी बच्चे को हल्का बुखार आता है तो उसके लिए दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 26 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1,480 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार चीफ फार्मासिस्ट, जितेंद्र रावत हेल्थ सुपरवाइजर, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, महिला सुपरवाइजर कविता शर्मा तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। डा. मनोज वर्मा स्योहारा क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक होने के साथ-साथ सक्रिय समाजस.ेवी भी हैं। वे समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों और जनहित कार्यक्रमों में सहभागिता करते रहते हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक समर्पित एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध चिकित्सक के रूप में है।

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## उन्नत गन्ना बीज व कृषि यंत्रों की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मिल प्रबंधन के समक्ष मांगें रखीं।



बैठक के दौरान किसानों ने उन्नत एवं अच्छी किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की। साथ ही कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली छूट तथा इन यंत्रों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया गया। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सीमित है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और समय पर कार्य नहीं हो पाता। किसानों ने विशेष रूप से हैरो, कल्टीवेटर, स्प्रे मशीन, गेहूं बोने की मशीन तथा गन्ना बोने वाली आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि मिल प्रबंधन किसानों को रियायती दरों पर बेहतर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएगा तो इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। शुगर मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसानों के हित में उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और मांगों पर विचार कर यथासंभव समाधान किया जाएगा।

बैठक में भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक महासचिव अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रधान, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संजय कुमार, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा, वीरेंद्र सिंह, शमशेर बहादुर, गजेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, प्रतीक कुमार तथा ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान आदि किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने मिल प्रबंधन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो संगठन को आंदोलनात्मक रुख अपनाने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

# कांग्रेस नेता ने बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने एसआईआर के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ के सहयोग से काफी संख्या में मतदाताओं के फार्म नम्बर-6 भरवाये। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने वोट जल्दी से जल्दी बनवाने तथा जिन मतदाताओं ने अभी तक नोटिसों का जवाब नहीं दिया है उनके जल्दी ही नोटिसों का साक्ष्य के साथ जवाब देने की अपील की है।

# जैन शिशु सदन स्कूल का वार्षिकोत्सव

**शेरकोट।** जैन शिशु सदन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूह गान, कविताएं एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन की कला ने सभी को प्रभावित किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधिका सुमन जैन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्र के समस्त पत्रकार बंधुओं सहित थानाध्यक्ष को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य रक्षी परवीन ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है।

# वार्षिकोत्सव और खेलकूद का आयोजन

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौ. अलीपुर द्वारका में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा एवं ग्राम प्रधान पतराम ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में पलक, रिदा, इकरा, फलकनूर, आरजू, मनीषा, जैनब, सदफ, यश ने रंगारंग कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अक्षय, उजैफ, पवनवीर, उदयवर्द्धन, प्रियांशु, उवेश, यशवी, हर्षिता आदि ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम आंगनबाड़ी सहायिका लाल सिंह, विपिन कुमार, धर्मवती आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक बंगला में संपन्न हुई। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह ने की, जबकि संचालन बबलू प्रधान बास्टा ने किया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में 21 फरवरी को नूरपुर ब्लॉक सैदपुर भट्टे ग्राउंड मे तीन जिलों की महापंचायत में पहुंचने की अपील की गई।

# आरबीडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में अदित्य बिरला फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय था 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा'। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधि पर शुभारंभ किया गया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सचिन व पुत्रवधू रिनू को उनके गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनो का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई सम्बंध नहीं रहेगा।

कवंरपाल पुत्र फूल्लू
निवासी ग्राम जखवाला
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

# अफगानिस्तान ने चखा जीत का स्वाद

## अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली




**नई दिल्ली, वार्ता।** अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिफुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंष शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफु की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफु को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कर दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

**कोलंबो, वार्ता।** नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है।नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिंग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

# सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिंकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

## आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

# देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत

● देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गें. दों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर




● जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

# पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगातारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफो के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ष्मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है।

मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ष्उनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रमीज राजाने कहा कि उन्हें उम्मीद है 'मानवता की जीत होगी।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान को पीड़ा में देखना और एक आंख की दृष्टि खोना भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है।

# इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा



● इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की

**कोलकाता, वार्ता।** विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। हालांकि इस दौरान उसने लगातार विकेट भी गंवाये। जॉस बटलर (तीन) तीसरे ओवर में पहले विकेट के रूप में आउट हुए। फिल सॉल्ट ने 18 गेंदों में 28 रन बनाये। जेकब बेथेल (23), कप्तान हैरी ब्रुक (14) और टॉम बैटन 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 105 रन था।

ऐसे संकट के समय विल जैक्स ने मोर्चा संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। सैम करन (25) और जेमी ओवर्टन (15) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स 22 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इटली के लिए ग्रांट स्टुअर्ट और कृषण कालूगामगे ने दो-दो विकेट लिए।

# शमी-मुकेश ने जेके को दिए झटके




● बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक जम्मू-कश्मीर के 198 पर पां च विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बना ली

**कल्याणी, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) और मुकेश कुमार (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

यहां बंगाल कल के पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में आकिब नबी ने सुदीप कुमार घरामी (146) रन को आउटकर बंगाल को छठा झटका दिया। इसके बाद बंगाल महज 59 रन जोड़कर शेष अपनी चारों विकेट गंवा दिए। बंगाल की पूरी टीम 97-1 ओवर में 328 पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। सुनील कुमार को दो विकेट मिले। युद्धवीर सिंह चरक और आबिद मुश्ताक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर को मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने शुरुआती तीन विकेट महज 13 रन के स्कोर पर झटक लिए। इसके बाद कप्तान परास डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और 143 रन जोड़े। अब्दुल समद (82) को मोहम्मद शमी ने 40वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में मुकेश कुमार ने पारस डोगरा (58) का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर 198 रन बना लिए है। कन्हैया वधावन नाबाद (10) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

# विधायक आशु मलिक ने विधानसभा में उठाए जमीनी मुद्दे

## सरकार को घेरते हुए कहा-कागजों पर चलने वाली योजनाओं का परिणाम जमीन पर कब दिखेगा?

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने विधानसीाा में प्रदेश के आंगनबाडी केंद्रों और सहारनपुर की जमीनी हकीकत से जुडे मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया।

विधानसभा में आशु मलिक ने सरकार से सीधा सवाल किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर आंगनवाड़ी भवन कब सुधरेंगे? पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएँ कब उपलब्ध होंगी? पोषण की गुणवत्ता की जवाबदेही कौन तय करेगा?और जो योजनाएँ कागज पर चल रही हैं, उनका परिणाम जमीन पर कब दिखेगा? उन्होंने कहा कि सहारनपुर में 3410 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 102 पूरी तरह जर्जर हैं। 407 केंद्र आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। एक वर्ष से पुनर्निर्माण की स्वीकृति लंबित है।



सरकार के उत्तर में योजनाएँ थीं, पोर्टल थे, आवंटन था, आदेश थे, लेकिन स्पष्ट समयसीमा नहीं थी,

**बोले विधायक आशु-मेरा उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं**

जवाबदेही नहीं थी, परिणाम नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरा प्रश्न केवल प्रस्तुतीकरण का नहीं था, बल्कि समाधान का था। यदि सब कुछ संतोषजनक होता, तो गुणवत्ता पर अलग से निर्देश जारी करने की आवश्यकता क्यों पड़ती? यदि व्यवस्था मजबूत होती, तो इतने केंद्र जर्जर स्थिति में क्यों होते?

आशु मलिक ने कहा कि मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं है। मेरा उद्देश्य यह है कि गांव के आंगन में बैठा बच्चा सुरक्षित रहे, उसकी थाली भरी रहे, और उसकी मां को भरोसा हो कि सरकार सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर भी मौजूद है।

# जनपद न्यायाधीश ने किया न्याय रथ का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सेवाओं के प्रचार-प्रसार और ग्रामीण क्षेत्रों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई मल्टी यूटिलिटी वाहन (एमयूवी) न्याय रथ का शुभारंभ किया गया।

सोमवार को जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ वाहन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय देवेंद्र सिंह, मोटर वाहन अधिनियम न्यायालय के अधिकारी अंबर रावत, अपर जिला जज अभय कृष्ण तिवारी, अपर जिला जज श्रीमती प्रकाश तिवारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव पप्पू कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने वाहन पूजन किया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में तथा उत्तर प्रदेश राज्य



विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मल्टी यूटिलिटी वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सहारनपुर को भीफोर्स मोटर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित फोर्स ट्रैक्स क्रूजर वाहन प्रदान किया गया है। यह न्याय रथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा और लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता, मध्यस्थता तथा अन्य विधिक सेवाओं की जानकारी देगा। साथ ही इसका उपयोग मोबाइल मध्यस्थता केंद्र के रूप में भी किया जाएगा, जिससे विवादों का निपटारा मौके पर ही संभव हो सकेगा।

इसके अलावा मध्यस्थता हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1212 की जानकारी भी इस वाहन के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

## बैठक में जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश द्वारा पेंशनर्स के हितों की रक्षा और जागरूकता के उद्देश्य से जनजागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को पेंशनर्स भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पारित वित्त अधिनियम 2025 तथा आठवें वेतन आयोग के संदर्भ में पेंशनर्स से जुड़े विषयों पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स के हितों की अनदेखी से भविष्य में पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए इन विषयों में आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय संयोजक शमनाथ दुबे, सह-संयोजक ओंकार नाथ तिवारी तथा महामंत्री गुलाब चंद तिवारी उपस्थित रहे।

# तहसील बार संघ के चुनाव का बजा बिगुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील बार संघ के वार्षिक चुनाव का बिगुल बजते ही बार परिसर में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही अधिवक्ताओं के दोनों प्रमुख गुट खुलकर आमने सामने आ गए हैं जिससे इस बार का चुनाव बेहद रोचक और प्रतिष्ठा का प्रश्न बनता दिखाई दे रहा है।

नामांकन के पहले ही दिन मोहर. चंद गुट ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष पद पर प्रदीप वर्मा और सचिव पद पर सतीश शर्मा को मैदान में उतार दिया। दोनों प्रत्याशियों ने समर्थकों की मौजूदगी में अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं महीपाल सिंह गुट ने भी पलटवार करते हुए अध्यक्ष पद के लिए संजय शर्मा और सचिव पद के लिए अरविंद खटाना को प्रत्याशी घोषित कर पर्चा दाखिल करा दिया। इससे साफ हो गया है कि इस बार अध्यक्ष और सचिव पद पर सीधा और कांटे का मुकाबला होगा। तहसील बार संघ के 143 मतदाता अधिवक्ताओं को अपने पक्ष में करने के लिए दोनों गुटों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। बार कक्षों से लेकर चेंबरों तक बैठकों का दौर जारी है। व्यक्तिगत संपर्क समर्थन जुटाने और समीकरण साधने की कवायद तेज हो गई है। चुनावी माहौल ने पूरे बार परिसर को गर्मा दिया है। अन्य पदों पर भी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। सहसचिव पद के लिए नरेश कश्यप और आजाद सैनी आमने सामने हैं जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विवेक जैन और राजीव कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मदनलाल शर्मा और रामसिंह सैनी मैदान में हैं। गवर्निंग काउंसिल सीनियर के लिए नसीम अख्तर और अल्ताफ अली तथा जूनियर काउंसिल के लिए आशीष कुमार, रवि कुमार और नितिन चौहान ने नामांकन दाखिल कर चुनाव को बहुकोणीय बना दिया है। नामांकन प्रक्रिया अभी जारी है और आज भी पर्चे दाखिल किए जाएंगे। 18 फरवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। इसके बाद 19 फरवरी को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

इस बार का चुनाव सिर्फ पदों की लड़ाई नहीं बल्कि बार की भावी दिशा और नेतृत्व को तय करने वाला माना जा रहा है। अधिवक्ताओं के बीच चर्चाओं का दौर तेज है और हर कोई 19 फरवरी का इंतजार कर रहा है जब मतपेटी से निकलेगा अगला नेतृत्व।

# आई सी जैन अध्यक्ष व मोहित सचिव निर्वाचित

## जे वी जैन कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव, अनुराग उपाध्यक्ष व अनुज संयुक्त सचिव बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जे.वी. जैन कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में आई सी जैन को अध्यक्ष व मोहित जैन को सचिव चुना गया। जबकि अनुराग जैन उपाध्यक्ष व अनुज कुमार जैन संयुक्त सचिव चुने गये।

चुनाव कार्यक्रम 2026 के तहत सोमवार को निर्वाचन अधिकारी राजीव गुप्ता एडवोकेट ने विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक प्रो. सतीश कुमार, मतदान अधिकारी हैदर रऊफ, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजबीर सिंह तथा प्राचार्य प्रो. वकुल बंसल की उपस्थिति में नई प्रबंध समिति की घोषणा की। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 1 फरवरी को कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिनमें से 8 फरवरी को चार



प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इसके बाद 15 पदों के सापेक्ष 15 प्रत्याशी शेष रहने से सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद आयोजित बैठक में संस्था के नियमों के अनुसार पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें डॉ. आई.सी. जैन को अध्यक्ष, अनुराग जैन को उपाध्यक्ष, मोहित जैन को सचिव तथा अनुज कुमार जैन को संयुक्त सचिव चुना गया। प्रबंध समिति के अन्य निर्वाचित सदस्यों में राजीव जैन, राजीव कुमार जैन, अमित जैन, अमित कुमार जैन, अनुज जैन, दीपक जैन, राकेश कुमार जैन, प्रवीण कुमार जैन, अतुल जैन और डॉ. पराग जैन शामिल हैं।

# भाकियू महाशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने आज भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

यूनियन के प्रदेश प्रभारी रविंद्र त्यागी के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट में जिला प्रशासन को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ के बदले 18 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया और 25 प्रतिशत दंड भी हटा दिये जाने की बात अमेरिकी राष्ट्रपति के एक्स पर कही गई है। देश के किसानों को तब झटका लगा जब राष्ट्रपति ट्रम्प के एक्स के फौरन बाद अमेरिका की कृषि सचिव का बयान आया कि इंडिया अमेरिका डील के हस्ताक्षर के बाद अमेरिका के किसानों और पशु पालकों को बहुत फायदा होगा। ज्ञापन



में कहा गया कि डील दो देशों के बीच होनी है तो अमेरिकी कृषि सचिव की बात को नजर अंदाज नहीं कर सकते। यदि भारत में पाउडर मिल्क आ गया तो देश का किसान और मजदूर बिल्कुल बर्बाद हो जायेगा। इसलिये किसानों को बर्बाद करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर न किये जाये।

ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष इंतखाब प्रधान, जिला वरिष्ठ प्रभारी राजकुमार त्यागी, मुकर्रम चौहान, अमजद, हसीन, अब्दुल वली, शहजाद, राव मरगूब, साहिल, फरमान, तसव्वर चौहान आदि शामिल रहे।

# गांव व बूथ स्तर तक पार्टी करें मजबूत: तरसपाल

## जिलाध्यक्ष शाहजमा खान के नेतृत्व में सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ मनानी फाटक पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के हस्तिनापुर क्षेत्रीय अध्यक्ष चौ.तरसपाल मलिक ने कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत कर कार्यकर्ता पंचायत चुनाव में उसे नंबर वन पर लाने का काम करें।

चौ.तरसपाल मलिक आज दिल्ली रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उनका जिलाध्यक्ष शाहजमा खान के नेतृत्व में मनानी फाटक पर स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्हें सैकडों गाडियों के काफिले के साथ जिला कार्यालय तक लाया गया। तरसपाल मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान मसीहा भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की नीति एवं सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है जो गांव गरीब किसानों मजदूरो देहात में रहने वालों की समस्याओं का समाधान कराने का काम करती है। पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव एवं




बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना होगा एवं आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी को नंबर वन की स्थिति में पहुंचाना होगा।

जिलाध्यक्ष शाहजमा खान ने कहा कि आज राष्ट्रीय लोक दल केंद्र एवं प्रदेश में सत्ता में भागीदार है इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है कि सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को दिलाने का काम करें एवं पार्टी को मजबूत कर जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करने का काम करें। रालोद खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने पार्टी को मजबूती देने की बात कही। प्रदेश महासचिव चौ.धीरसिंह ने पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव चौधरी अनवार चौधरी नीरपाल सिंह प्रदेश सचिव चौधरी अयूब हसन क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान महावीर सैनी एडवोकेट क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा चौधरी अर्जुन सिंह महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंजुम त्यागी रेखा शर्मा एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रधान जसमेर सिंह प्रधान मेहरबान युवा जिला अध्यक्ष चौधरी शिव कुमार गुर्जर जिला उपाध्यक्ष चौधरी यशवीरसिंह ठाकुर मूलचंद सिंह ठाकुर प्रमोद प्रधान चौधरी गजेंद्र सिंह जिला महासचिव दिनेश शर्मा नेत्रपाल कश्यप फैसल त्यागी नीरज प्रियांशु चौधरी इमरान शहजाद मलिक अरविंद चौधरी प्रदीप चौधरी नावेद अख्तर उर्फ बबली सचिन चौधरी शाह आलम मुकेश चौधरी हाजी शमीम नितिन शर्मा अनवर खान नाजिम खान सलीम खान चांद मलिक आदि उपस्थित रहे।

# देश प्रदेश के बजट का ऐतिहासिक महत्व: नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा है कि इस बार हमारे देश और प्रदेश के आम बजट ऐतिहासिक महत्व रखते हुए सर्व स्पर्शी और सर्व जन हितकारी हैं, जिसमें समाज के सभी वर्गों को सम्मान दिया गया है।

उक्त विचार उन्होंने आज कस्बा बेहट में स्थित कर्णवाल फार्म हाउस पर आयोजित बजट पर चर्चा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रकट किये हैं। उन्होंने बताया है कि वित्त वर्ष-2026-2027 एक ऐसा बजट है जिसमें दुविधा के स्थान पर निर्णय, शब्दाडंबर के स्थान पर सुधार, लोकलुभावन के स्थान पर जनकल्याण को महत्व दिया गया है।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता




अजय जैन, अखिलेश बंसल, नरेंद्र बंसल, अनिल सिंघल, संजीव उर्फ बोबी कर्णवाल, हंसराज गौतम, अनिल आर्य, सुभाष सैनी, विजय सैनी, मुकेश राणा, चौधरी सुरेन्द्र सिंह अवनीश अग्रवाल आदि ने भी देश व प्रदेश सरकार के बजट को सर्वजन हितकारी बताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।


कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ड सतेन्द्र सिंह, बिजेंद्र सिंह सैनी,रजत त्यागी, अमित सैन, मुकेश चौहान, सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू भाईया, मोंि. हत जैन, सत्यप्रकाश रोहिल्ला, नीरज चौहान, चौधरी राकेश प्रधान, बब्लू सिंह आदि समेत बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

## मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** अम्बा विहार कालोनी स्थित महाकालेश्वर मन्दिर के तृतीय स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में जहां मंदिर परिसर को बिजली की लडियों व फूलमालाओं से सजाया गया। जिससे मंदिर की आभा देखते ही बन रही थी।

देव प्रतिमाओं को भी स्नानादि कराने के बाद वस्त्र सज्जा के आलावा खासतौर से सजाया गया था। प्रात: हवनयज्ञ के यजमान सुरेन्द्र अरोडा सपत्नीक रहें। पुर्णाहुति के उपरान्त विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुधीर सिंघल, राजेश गर्ग, राकेश गोयल, विजय जिन्दल, राजेश काका, रजत मिंटू, सुमन गोयल, वीरेन्द्र गर्ग, प्रवीण तायल, मनी गोयल, नूतन, जगमोहन, सुशील नीटू आदि रहे।

# रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष तिर. सपाल मलिक का सहारनपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने चुनेहटी फाटक पर जोरदार स्वागत किया।

दिल्ली रोड पर आयोजित रालोद कार्यक्रम के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक जाट महासभा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी के आवास पहुंचे। जहां उनका खेलकूद प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान महिला सभा की अध्यक्ष अंजुम, महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ अरविन्द मलिक, रेखा, मनोज वर्मा, शिवकुमार, अरविन्द बादी, रमेश चौहान, पदम सिंह, महावीर सैनी,र ाजदीप उपस्थित रहे।

# महिलाओं को दिए सुरक्षा टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को गांवों में विशेष भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।टीम प्रभारी महिला उप-निरीक्षक मिथिलेश राठौर व महिला हेड कांस्टेबल नीरज ने गांव गदरहेडी मे महिलाओं वह बालिकाओं से सीधा संवाद किया।

मिथिलेश राठौर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, "अजनबी व्यक्ति से बात करने में सावधानी बरतें, देर रात अकेले बाहर न निकलें और किसी भी परेशानी में तुरंत 112 या महिला हेल्पलाइन 1090 पर कॉल करें।"उन्होंने बालि. काओं को गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया और अपने



साथ पेपर स्प्रे या कोई सुरक्षा उपकरण रखने की सलाह दी। लोगों से भी छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया।इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी छोटी-मोटी समस्याएं बताईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। अभियान से गांव में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलने से महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ता जा रहा है

# भलाइयों, नेकियों व बरकतों का महीना है रमजान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**साढौली कदीम।** कस्बे की शाही जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने माह ए- रमजान के बारे मे बयान करते हुए कहा कि आसमान में रमजान माह का चांद दिखाई देते ही भलाइयों, नेकियों व बरकतों के माह-ए-रमजान की शुरूआत हो जाती है। उनका कहना है कि इस माह के में हर बालिग पुरूष - महिलाओं पर रमजान माह के रोजे फर्ज है और जल्द शुरू हो रहे माह-ए-रमजान की इबादतों का सबाव भी अल्लाह ने दूसरे महीनों से ज्यादा देने का वायदा किया हुआ है। रमजान में कुरान की तिलावत, नमाज की अदायगी एतेकाफ, फितरा देना, इफ्तार और सहरी की तैयारियां आम होती है।

माहे रमजान में ज्यादा से ज्यादा कलाम पाक की तिलावत करने की हिदायत है। शाही इमाम ने बताया कि कलाम पाक की तिलावत करते वक्त इसांन को यह तसव्वुर करना चाहिए कि अल्लाह उससे हम कलाम हो रहे हैं।



मौलाना राशिद जमाल कासमी कहते है कि सादगी से रोजा इफ्तार करे कयोंकि रमजान में खर्च पहले से दो गुना हो जाता हैरोजे का असल मकसद अच्छे पकवान खाना नहीं बल्कि, आधे पेट सादगी के साथ खाकर अल्लाह को याद रखना है। रमजान माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत ने 21, 23, 25, 27, व 29 और चांद रात की रात में विशेष इबादत करने का बड़ा सवाब है। इसलिए इन रातों में इबादत क र न ी चाहिएरमजान माह में फर्ज नमाज की अदायगी का बेहत. रीन अहतमाम किया जा सकता है। पांच वक्त की नमाज वक्त पर अदा करने से एक-एक नमाज का कम से कम 27 गुना ज्यादा सवाब मिलता है।

ईद-उल-फितर की तैयारियां भी रमजान मुबारक के आने के साथ शुरू हो जाती है यदि हम ईद की तैयारियां पहले ही कर ले तो रमजान के कीमती वक्त में ज्यादा से ज्यादा इबादत हो सकेगी वरना चांद रात को हम जरूरी सामान की खरीदारी मे ही अपना वक्त लगा लेंगे और इबादत से महरूम रह जाएंगे शाही इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी का कहना है कि ईद के मौके पर नए कपड़े बनाना हमारा हक है यदि हम इस दौरान गरीब व बेसहारा लोगों की मदद कर उनके लिए भी इसी तरह कपड़े आदि इंतजाम कर सके तो जरूरतमंद की मदद भी हो जाएगी और हमें इसका सवाब भी मिलेगा

मौलाना राशिद जमाल कासमी ने कहा कि एतकाफ में बैठकर दुनिया की फिक्र छोड़कर अल्लाह का जिक्र करने पर बड़ा सवाब मिलता है इस दौरान अपनी जिंदगी में किए गए कारगुजारियों के बारे में सोच अपने गुनाहों की ज्यादा तलाफी करनी चाहिए।

## नाबालिग को भगाने वाला गिरफ्तार

**नकुड़।** नगर के मोहल्ला बंजारान से नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी। पीड़िता के बयान एवं मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 64(1) बीएनएस तथा 3/4(2) पोक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए गठित पुलिस टीम ने लगातार दबिश एवं सूचना तंत्र की सटीक जानकारी के आधार पर आरोपी समीर उर्फ नईम पुत्र स्वर्गीय ताहिर निवासीकस्बा कैराना शामली को गिरफ्तार कर लिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

## ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में

**सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है।**

किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंचिंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

**2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रका. शित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विक. रारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब को. शिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामा. जिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

### व्यायाम से रोकथाम

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि



को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गति. विधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।

स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुन: प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की को. शिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजी. नियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की को. शिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार को. शिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले



और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

**अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गई, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**

**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमे. रिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमे. रिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

■ अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजयो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।

### कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-ड्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-ड्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरक. ारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान प्ज सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संच. ालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिका. रिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।



■ बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद सा. चंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

■ 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिंग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

## 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

### बीएलए 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिका. रिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।



■ बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे

## पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



■ बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा किब टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।



